वर्ष : 33 ▸ अंक : 164 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 29 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## अजित पवार ने महाराष्ट्र की जनता से मांगी माफी

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने तटीय कोंकण क्षेत्र के मालवण किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने की घटना के लिए बुधवार को महाराष्ट्र के लोगों से माफी मांगी। अजित पवार ने लातूर जिले में जन सम्मान यात्रा के दौरान एक जनसभा में कहा कि चाहे अधिकारी हो या ठेकेदार, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि शिवाजी महाराज हमारे कुल देवता हैं। मैं उनकी प्रतिमा गिरने के लिए महाराष्ट्र के 13 करोड़ लोगों से माफी मांगता हूं।

सत्तारुढ़ शासन अब दुर्घटना के लिए भारतीय नौसेना को ठहरा रहा दोषी



# शिवाजी महाराज की मूर्ति पर सियासी उबाल

## मुंबई में एमवीए नेताओं ने महायुति सरकार पर बोला हमला ●1 अगस्त को मुंबई के गेट वे ऑफ इंडिया पर होगा प्रदर्शन

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के मामले को लेकर राज्य की सियासत गर्म हो गई है। विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाडी ने घोषणा की है कि महायुति सरकार के खिलाफ रविवार को मुंबई में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शपा) सुप्रीमो शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को मुंबई में एक संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में इसकी घोषणा की। तीनों नेताओं ने महायुति सरकार की आलोचना करते हुए मूर्ति निर्माण में घोर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि सत्तारूढ़ शासन अब दुर्घटना के लिए भारतीय नौसेना को दोषी ठहरा रहा है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि वे रविवार को मुंबई में शहीद स्मारक के पास विरोध प्रदर्शन का आयोजन करेंगे और फिर गेटवे ऑफ इंडिया पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे।



### सीएम शिंदे के दावे पर कसा तंज



विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के उस दावे पर भी तंज कसा, जिसमें उन्होंने कहा था कि मालवन में 45 समुद्री मील की गति वाली हवा के कारण छत्रपति की मूर्ति दुर्घटनाग्रस्त हुई। मविआ के नेताओं ने प्रोजेक्ट पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि जब अन्य सभी मूर्तियां, स्मारक और इमारतें तथाकथित आंधी का सामना कर गईं तो केवल छत्रपति की मूर्ति ढह गई, क्योंकि प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार हुआ था। मीडिया ब्रीफिंग में उद्धव ठाकरे ने एलान किया कि रविवार को विरोध प्रदर्शन के बाद 2 सितंबर से एमवीए, साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कमीशन साधक महायुति सरकार की खामियों को उजागर करने के लिए पूरे राज्य में आंदोलन आयोजित करेगा। उन्होंने कहा, 'मूर्ति घटना और महायुति शासन में भारी भ्रष्टाचार के अलावा हम हमारी माताओं, बहनों और बेटियों पर हो रहे अत्याचारों और यौन हिंसा को देखते हुए महिला सुरक्षा का सवाल भी उठाएंगे।' उन्होंने कहा कि सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है।

### उद्धव ने महायुति सरकार को बताया शिव द्रोही



उद्धव ने शिंदे सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महायुति के सहयोगी- शिवसेना, भाजपा और राकांपा- जो ₹शिव प्रेमी₹ (शिव भक्त) होने का दावा करते हैं, वास्तव में ₹शिव द्रोही₹ (शिव गद्दार) हैं और उन्हें आगामी चुनाव में बाहर फेंक दिया जाना चाहिए।

### सिंधुदुर्ग में MVA और बीजेपी नेताओं के बीच झड़प

शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे जब पार्टी के नेताओं के साथ राजकोट किले पर पहुंचे तो बीजेपी और एमवीए कार्यकर्ताओं बीच नारेबाजी शुरू हो गई। ठाकरे आगे बढ़े तो पूर्व केंद्रीय मंत्री और स्थानीय बीजेपी सांसद नारायण राणे अपने बेटे नीलेश राणे के साथ वहीं पर मौजूद थे। ऐसे में दोनों नेताओं का आमना-सामना होते ही नारेबाजी और बढ़ गई। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं और राणे समर्थकों के बीच बड़ी लड़ाई से माहौल गरमा गया।पुलिस ने तुरंत कार्यकर्ताओं को एक तरफ किया, लेकिन उग्र कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इस दौरान आदित्य ठाकरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। तो इसके बाद यूबीटी के कार्यकर्ताओं ने भी नारेबाजी और जय शिवाजी और जय भवानी के नारे लगाए।

### महायुति सरकार में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं: शरद पवार

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) के प्रमुख शरद पवार ने मुंबई में आरोप लगाया कि महायुति सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। पवार ने कहा कि इस मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। शिवाजी महाराज की मूर्ति परियोजना में भ्रष्टाचार के कारण घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके कारण मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई। पवार ने महायुति सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि सरकार को पता ही नहीं है कि कहां पर भ्रष्टाचार करना है? पवार ने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है।

# बिना जांच पत्रकार की गिरफ्तारी

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार

- बंबई हाईकोर्ट ने ठाणे के पत्रकार को राहत दी
- बेंच ने पत्रकार की गिरफ्तारी पर सवाल खड़े किए
- मुआवजे के साथ-साथ पुलिसकर्मियों की जांच के आदेश दिए



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के ठाणे में एक पत्रकार पर आरोप लगा कि उसने जबरन वसूली की है। मामला पुलिस तक पहुंचा तो उसे तुरंत अरेस्ट कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया। अब इस मामले में बंबई हाईकोर्ट का अहम फैसला सामने आया है। कोर्ट ने पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए कहा है कि महज आरोप के आधार पर कोई गिरफ्तारी नहीं की जानी चाहिए। पुलिस को पहले आरोपों की वास्तविकता की जांच करनी चाहिए।

### 25,000 रुपए का मुआवजा देने का निर्देश

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की बेंच ने महाराष्ट्र सरकार को पत्रकार अभिजीत पडाले को 25,000 रुपए का मुआवजा देने का निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिनों तक जेल में रखने के कारण उनके स्वतंत्रता के अधिकार का हनन हुआ।

### पुलिसकर्मियों के आचरण की होगी जांच

हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस आयुक्त को पत्रकार को गिरफ्तार करने वाले शहर के वकोला थाने के पुलिसकर्मियों के आचरण की जांच करने को भी कहा। जांच के लिए पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी को नियुक्त करने का भी पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया गया। पडाले ने अपनी याचिका में हाईकोर्ट से अनुरोध किया था कि मामले में उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित किया जाए, क्योंकि पुलिस ने पहले उन्हें दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए के तहत नोटिस जारी नहीं किया था।

### पुलिस ने नोटिस तैयार किया लेकिन तामील नहीं किया

धारा 41ए के तहत पुलिस किसी मामले में आरोपी व्यक्ति को उसका बयान दर्ज करने के लिए नोटिस जारी कर सकती है और उस व्यक्ति को तब तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा जब तक पुलिस को न लगे कि गिरफ्तारी जरूरी है। बेंच ने कहा कि पुलिस ने नोटिस तैयार किया था, लेकिन उसे तामील नहीं किया। हाईकोर्ट ने कहा, "धारा 41ए के तहत नोटिस का अस्तित्व यह मानने के लिए पर्याप्त है कि याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी बिल्कुल भी उचित नहीं थी।"

**न्यूज़ ब्रीफ**

### 1 सितंबर से भैंस के दूध की थोक कीमत में 2 रुपए की बढ़ोतरी

**मुंबई।** अगले महीने से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन से पहले एक बड़ा झटका देते हुए, मुंबई मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (एमएमपीए) ने शहर में ताजा भैंस के दूध के थोक मूल्य में 1 सितंबर से 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की है। एमएमपीए के महासचिव काशम कश्मीरी ने कहा कि बुधवार को एमएमपीए की आम सभा में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस कदम से अगले कुछ महीनों में गणेशोत्सव, नवरात्रि, दिवाली आदि त्योहारों के दौरान अन्य सभी प्रकार के दूध और दूध से संबंधित उत्पादों की कीमतों में वृद्धि होने की संभावना है।

### चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर में IPS अधिकारियों के ट्रांसफर के दिए निर्देश


**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने राज्य में प्रशासनिक फेरबदल के निर्देश दिए हैं। आयोग ने बारामूला, श्नीनगर, कुपवाड़ा के SSP और हंदवाड़ा के SP को बदलने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही राज्य प्रशासन से कहा है कि इन जगहों पर तैनात किए जाने वाले नए IPS अधिकारियों की लिस्ट गुरुवार शाम भेजें। चुनाव प्रशासन ने SSP श्रीनगर आशीष मिश्रा को भी रिलीव करने की मंजूरी दे दी है। आशीष को जून 2023 में जम्मू-कश्मीर से दिल्ली पुलिस में ट्रांसफर किया गया था। लेकिन प्रशासनिक कारणों से उन्हें रिलीव नहीं किया गया था।

# मुंबई का पहला डबल डेकर फ्लाईओवर खुला

**दीपक पवार । ठाणे/मुंबई**

मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में मेट्रो लाइन-9 के एक पुल को जोड़ने वाले पहले डबल डेकर फ्लाईओवर का बुधवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्घाटन किया। एक किलोमीटर लंबा यह फ्लाईओवर ठाणे जिले के मीरा भयंदर में मेट्रो लाइन-9 के मेट्रो पुल और एक सड़क फ्लाईओवर को जोड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि इस फ्लाईओवर से यातायात आवागमन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा मीरा रोड के प्रमुख चौराहों पर भीड़भाड़ भी कम होगी।मेट्रो लाइन-9 अंधेरी से मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और दहिसर से मीरा रोड तक रेड लाइन का विस्तार है।

### मुंबई और महाराष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि: शिंदे



इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र में डबल डेकर फ्लाई ओवर का निर्माण मुंबई और महाराष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह परियोजना यातायात संबंधी समस्याओं का समाधान करती है, समय और ईंधन की बचत करती है, तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी और कुशल योजना का प्रमाण है। इससे एमएमआर के विकास में तेजी आएगी और समग्र यातायात प्रवाह तथा यात्री सुविधा में सुधार होगा। अधिकारियों के मुताबिक इस फ्लाई ओवर का निर्माण उन्नत तकनीक का उपयोग करके किया गया है, जिसमें मेट्रो और सड़क परिवहन के लिए अलग-अलग स्तर हैं। इसका उद्देश्य यात्रियों के लिए आठ से 10 मिनट का यात्रा समय बचाना और ईंधन की खपत कम करना है। इसमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के नियमों के अनुरूप फर्नीचर, साइनेज और प्रकाश व्यवस्था सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।



आज बीजेपी महाराष्ट्र चुनाव मीडिया प्रभारी कृष्णकांत उपाध्याय व बीजेपी प्रवक्ता और सोशल मीडिया आईटी प्रभारी श्वेता शालिनी **दो बजे दोपहर** के कार्यालय में सदिच्छा भेंट दिए। इन्होंने दोपहर के संपादक अरुण लाल व दोपहर की टीम के साथ वर्तमान राजनीति, समाज और पत्रकारिता पर व्यापक चर्चा की। उपाध्याय ने कहा कि आज के समय में पत्रकारों द्वारा न्यूज़पेपर निकालना अनोखा और बहुत मेहनत का काम है। श्वेता शालिनी ने कहा कि युवाओं की यह मेहनत जरूर रंग लाएगी।

# उल्हासनगर मनपा अतिरिक्त आयुक्त पर विनयभंग का आरोप

## महिला कर्मचारी ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

मनपा के अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर की महिला क्लर्क से अश्लील बातें करने और छेड़छाड़ करने की शिकायत पर मध्यवर्ती पुलिस स्टेशन में छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। उक्त महिला कर्मचारी का आरोप है कि वर्ष 2022 से 2023 के बीच जमीर लेंगरेकर ने उसके केबिन में उसके साथ बार-बार अश्लील बातें कीं। लेंगरेकर ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा कि विज्ञापन घोटाला उजागर करने के दबाव में महिला क्लर्क ने यह साजिश रची।

### महिला कर्मचारी ने शिकायत



पुलिस में शिकायत दर्ज करवाते हुए महिला कर्मचारी ने शिकायत में कहा है कि अतरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर अपने कैबिन में बुलाकर बार-बार अश्लील बातचीत करता है। जिसका मैंने विरोध किया था। इसके बावजूद उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इस घटना के बाद उन्होंने उल्हासनगर मनपा की 'विशाखा समिति' में लिखित शिकायत दर्ज कराई। समिति ने शिकायत की जांच की और 5 सितंबर, 2023 को अपनी रिपोर्ट सौंपी। लेकिन तत्कालीन मनपा आयुक्त अजीज शेख ने इस रिपोर्ट पर कोई फैसला नहीं लिया। उलट लेंगरेकर ने उनका बार-बार ट्रांसफर कर उन्हें परेशान करने की कोशिश की।

### जमीर लेंगरेकर ने दी सफाई

इस बारे में अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है। उक्त महिला कर्मचारी मालमत्ता विभाग में वापस स्थानांतरण चाहती थी। उल्हासनगर मनपा द्वारा एक होल्डिंग कंपनी को 41 लाख का जुर्माना भरने का नोटिस दिया गया था, जिसे कम कराने के लिए उक्त महिला कर्मचारी सागर शर्मा नामक व्यक्ति के साथ मेरे पास आयी थी। मैंने इसके लिए इनकार कर दिया, इसलिए जानबूझकर मेरे खिलाफ झूठा यह मामला दाखिल किया गया। मुझे आशंका है कि इसके पीछे एक एडवरटाइजिंग एजेंसी व एक राजनीतिक पक्ष प्रमुख का हाथ है जिसके दबाव में यह झूठा मामला दर्ज किया गया।

**सियासत** पांच सहकारी चीनी मिलों को 487 करोड़ रुपए की सरकारी सहायता

# सत्तारूढ़ दलों के नेताओं से जुड़ी चीनी मिलों को बूस्टर डोज

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

महाराष्ट्र के सहकारिता विभाग ने 'मार्जिन फंड' लाभार्थियों की अपनी सूची से विपक्षी नेताओं से जुड़ी पांच सहकारी चीनी मिलों के नाम हटा दिए हैं। राज्य सरकार ने इनके स्थान पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेताओं से जुड़ी पांच चीनी मिलों को 487 करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। यह निर्णय लोकसभा चुनाव परिणामों के तुरंत बाद आयोजित कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया।



### उन चीनी मिलों के नाम हटा दिए हैं, जिन पर विपक्षी नेताओं का नियंत्रण

सरकार ने सूची में संशोधन करते हुए उन चीनी मिलों के नाम हटा दिए हैं, जिन पर विपक्षी नेताओं का नियंत्रण है, और इन्होंने चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन नहीं किया था। उनके स्थान पर पांच अन्य चीनी मिलों को मदद देने की घोषणा की गई जिनका संबंध सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति से है।

### सूची में शामिल की गई पांच नई चीनी मिल

लातूर जिले की औसा तहसील में शेतकारी सहकारी साखर कारखाना, सांगली जिले में विश्वासराव नाइक सहकारी चीनी मिल, सांगली में पद्मभूषण क्रांतिवीर डॉ नागनाथ नायकवादी हुतात्मा किसान अहीर सहकारी चीनी मिल, अहमदनगर जिले की श्रीरामपुर तहसील में अशोक सहकारी चीनी मिल और सोलापुर जिले की पंढरपुर तहसील में श्री विट्ठल सहकारी चीनी मिल शामिल हैं। 'मार्जिन मनी फंड' का वितरण महाराष्ट्र सरकार के माध्यम से राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा किया जाएगा। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने कई सहकारी चीनी मिलों को 2,265 करोड़ रुपए का 'मार्जिन फंड' उपलब्ध कराने के लिए अपनी गारंटी की पेशकश की थी। इनमें से कुछ चीनी मिलों पर विपक्षी दलों के विधायकों और नेताओं का नियंत्रण था। विपक्षी दलों ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह उनके नेताओं को सत्ताधारी दल के साथ मिलाने का प्रयास है।

# बप्पा के विसर्जन के लिए मुंबई में बनेंगे 204 आर्टिफिशयल तालाब

**धीरज सिंह । मुंबई**

गणेशोत्सव बस कुछ ही दिन दूर है। गणेशोत्सव समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दस दिवसीय इस महोत्सव के लिए बीएमसी ने भी तैयारी कर ली है। बीएमसी ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कृत्रिम तालाबों की संख्या में वृद्धि की है। पिछले वर्ष 194 कृत्रिम तालाब थे और 76 हजार से अधिक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। इस साल गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाबों की संख्या बढ़ाई जाएगी और पूरी मुंबई में 204 कृत्रिम तालाब बनाए जाएंगे। साथ ही 69 प्राकृतिक विसर्जन स्थलों की भी व्यवस्था उपलब्ध की जाएगी। कृत्रिम तालाबों में विसर्जन के लिए भक्तों की संख्या बढ़ रही है और पिछले 11 वर्षों में कृत्रिम तालाबों में गणेश विसर्जन की संख्या में 371 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बृहन्मुंबई सार्वजनिक गणेशोत्सव समन्वय समिति ने इस वर्ष गणेश विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाबों की संख्या बढ़ाने की मांग की थी।

### पीओपी मूर्तियों से जल प्रदूषण का खतरा



बीएमसी प्रशासन ने इको-फ्रेंडली गणेशोत्सव मनाने के लिए मूर्तिकारों को शाडू मिट्टी भी उपलब्ध कराई है, फिर भी कई जगहों पर प्लास्टर ऑफ पेरिस की गणेश मूर्तियां लाई जाती हैं। प्राकृतिक जल निकायों में प्लास्टर ऑफ पेरिस गणेश की मूर्तियों का निपटान जल प्रदूषण का कारण बनता है। इसलिए बीएमसी प्रशासन से अनुरोध है कि इन मूर्तियों का विसर्जन किसी कृत्रिम झील में किया जाए। घर के आसपास कृत्रिम तालाब होने से घर की गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए सुविधाजनक हो रही है। इसलिए कृत्रिम तालाबों में मूर्तियों के विसर्जन की दर भी बढ़ रही है। गणेश भक्तों को कोरोना काल के दौरान मजबूरी में कृत्रिम तालाबों में प्रतिमा विसर्जित करना पड़ा था। इसके बाद कृत्रिम तालाबों की संख्या बढ़ती गई।

# कपल ने 5 दिन के बेटे को एक लाख रुपए में बेचा



दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे के रहने वाले माता-पिता ने 5 दिन के शिशु को महज एक लाख 10 हजार रुपए में निसंतान दंपति को बेच दिया। इस मामले में पुलिस ने बच्चे के माता-पिता समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आर्थिक तंगी से परेशान होकर दंपति ने शिशु को बेच दिया था। अधिकारियों ने बताया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग स्क्वॉयड(AHTS) के अभियान से अवैध बाल तस्करी का एक परेशान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें न केवल बेचने वाले और खरीदने वाले बल्कि लेन-देन में मध्यस्थता करने वाले दो ब्रोकर भी शामिल हैं। आरोपी माता-पिता ने कथित तौर पर अपने नवजात शिशु को निसंतान दंपत्ति को बेच दिया, जो गोद लेने के लिए उत्सुक थे, लेकिन उन्होंने कानूनी गोद लेने की प्रक्रिया को दरकिनार कर दिया। जैविक माता-पिता के अलावा, पुलिस ने बच्चे को खरीदने वाले जोड़े और सौदे में मदद करने वाले दो दलालों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## ■ माता-पिता समेत छह गिरफ्तार

### ठाणे के रहने वाले हैं दोनों कपल

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील उर्फ भोंदू दयाराम गेंड्रे (31) और उसकी पत्नी श्वेता (27) के रूप में की गई है, जबकि निसंतान दंपत्ति की पहचान पूर्णिमा शेल्के (32) और उनके पति स्नेहदीप धरमदास शेल्के (45) के रूप में की गई है, दोनों ठाणे जिले के बदलापुर के रहने वाले हैं।

### नागपुर का रहने वाला है ब्रोकर दंपति

दोनों ब्रोकरों की पहचान नागपुर के रहने वाली किरण इंगले (41) और उनके पति प्रमोद इंगले (45) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुनील और श्वेता गेंड्रे ने 22 अगस्त को अपने नवजात बेटे को किरण और प्रमोद इंगले के माध्यम से शेल्के दंपति को बेच दिया था।

### नागपुर में ही चलेगा केस

पुलिस ने बताया कि शेल्के दंपति किरण इंगले के रिश्तेदार हैं। उन्होंने कथित तौर पर बच्चे के लिए एक लाख 10 हजार रुपए का भुगतान किया और बच्चे को गोद लेने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए उसे अपने घर ले गए। इस मामले की जानकारी होने पर AHTS ने सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसको लेकर नागपुर के कलमना पुलिस स्टेशन में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम की धारा 75 और 81 के तहत मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि शिशु को अस्थायी रूप से एक स्थानीय अनाथालय की देखभाल में रखा गया है।

# डंपर की चपेट में आने से मजदूर गंभीर रूप से घायल

दोपहर संवाददाता । पालघर

पालघर जिले में रेलवे स्टेशन पर कार्य करते समय डंपर की चपेट में आने से एक 36 वर्षीय मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना पश्चिमी रेलवे के सफाले स्टेशन के समीप 14 अगस्त को हुई। पालघर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के वरिष्ठ निरीक्षक सचिन इंगवाले ने बताया कि पीड़ित रवि गायकवाड़ एक पुल के पास केबल बिछाने का काम कर रहा था। तभी एक डंपर ने उसे कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार किया जा रहा है। डंपर के चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125 (बी) (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अंतरराज्यीय गिरोह के 5 लोग गिरफ्तार



दोपहर संवाददाता । पालघर

पुलिस की क्राइम इन्वेस्टिगेशन सेल ने अंतरराज्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों ने पालघर जिले के मानिकपुर में एक 'कूरियर' कार्यालय के मालिक से हथियारबंद व्यक्तियों द्वारा 73 हजार रुपए से अधिक की लूट को अंजाम दिया था। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत मानिकपुर पुलिस के क्राइम इन्वेस्टिगेशन सेल ने की है। मानिकपुर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक राजू माने ने बताया कि 19 अगस्त को हथियारबंद डकैतों ने एक 'कूरियर' कार्यालय में घुसकर, बंदूक और चाकू दिखाकर मालिक से 73,700 रुपए लूट लिए थे।

## लूट की वारदात को दिया था अंजाम

### आरोपियों पर विभिन्न राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज

उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान कर्नाटक के चिकमंगलूर निवासी शंकर गौड़ा, उत्तर प्रदेश निवासी विजय सिंह, नई दिल्ली निवासी मोहम्मद शेख और झारखंड निवासी लालमणि यादव के रूप में हुई है। माने ने बताया कि आरोपियों पर पहले से ही कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र सहित भारत के विभिन्न राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज

उन्होंने बताया कि मानिकपुर की घटना के संबंध में पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 310 (डकैती), 311 (मृत्यु या गंभीर चोट पहुंचाने के इरादे से लूट या डकैती), 309 (डकैती), 351 (2) (आपराधिक धमकी) और अन्य के तहत मामला दर्ज किया है। माने ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने एक पिस्तौल, आठ कारतूस, एक कार और अन्य सामग्री बरामद की, जिनकी कुल कीमत 3.14 लाख रुपए है।

# चार वर्षीय बच्ची की कुत्ते के काटने से मौत



## राज्य सरकार से एमआईएम ने की मुआवजा देने की मांग

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के शांतिनगर इलाके में एक चार वर्षीय बच्ची की कुत्ते के काटने के से मौत हो गई। इसे लेकर एमआईएम ने मृतक बच्ची के परिजनों को मुआवजा देने की मांग राज्य सरकार से की है। इस संदर्भ में एमआईएम स्टूडेंट विंग के प्रदेश प्रवक्ता रविश मोमिन के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने तहसीलदार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है।

### क्या है ज्ञापन में?

*ज्ञापन में रविश मोमिन ने बताया है कि 8 जुलाई को शांतिनगर इलाके में आवारा कुत्ते ने एक ही दिन में करीब 50 से 60 लोगों को काटा था। इसके कारण इलाके में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। कुत्ते के काटने के बाद उसी इलाके की एक चार वर्षीय लायबा की मौत हो गई है। इस चिंताजनक मामले को लेकर रविश मोमिन ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। मोमिन ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार कुत्ते के काटने पर यदि किसी की मृत्यु होती है तो उसे मुआवजा देना, राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही यह आदेश भी दिया गया है कि मृतक के परिजनों की मांग पर उनके जरूरी कागजात देखने के बाद उन्हें मुआवजा दिया जाए।*

# आसाराम बापू इलाज के लिए खोपोली में भर्ती

दोपहर संवाददाता । रायगढ़

स्वयंभू बाबा आसाराम बापू को हृदय संबंधी बीमारी के इलाज के लिए महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के खोपोली में एक अस्पताल में लाया गया है। आसाराम एक दशक पुराने यौन शोषण मामले में जोधपुर केंद्रीय कारागार में उम्रकैद की सजा काट रहा है। वहीं 13 अगस्त को राजस्थान हाई कोर्ट ने उसे महाराष्ट्र के एक आयुर्वेदिक अस्पताल में पुलिस हिरासत में उपचार कराने की अनुमति दी थी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आसाराम (83) को मंगलवार को पुलिस सुरक्षा में रात करीब आठ बजे मुंबई से करीब 70 किलोमीटर दूर खोपोली में एक आयुर्वेदिक अस्पताल के हृदय देखभाल क्लीनिक में लाया गया। उन्होंने बताया कि आसाराम का अगले सात दिन तक इस चिकित्सा केंद्र में हृदय संबंधी बीमारी के लिए उपचार किया जाएगा। आसाराम को सितंबर 2013 में गिरफ्तार किया गया था।

## आयुर्वेदिक अस्पताल में पुलिस हिरासत में उपचार कराने की अनुमति



राजस्थान उच्च न्यायालय ने 13 अगस्त को आसाराम को महाराष्ट्र के एक आयुर्वेदिक अस्पताल में पुलिस हिरासत में उपचार कराने की अनुमति दी थी। इसके बाद उसे विमान से मुंबई लाया गया। उसके साथ जोधपुर पुलिस का एक दल और दो सहायक हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद आसाराम को खोपोली में स्थित अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के तौर पर अस्पताल में रायगढ़ पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। राजस्थान उच्च न्यायालय ने आसाराम को पैरोल देते हुए कुछ शर्तें लगायी थीं जिसके तहत चार पुलिसकर्मी उसके साथ रहेंगे। उसके साथ दो सहायकों को आने की भी अनुमति दी गयी थी। इससे पहले, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने स्वास्थ्य आधार पर आसाराम की सजा को निलंबित करने की याचिकाएं खारिज कर दी थीं।

### 2013 में हुई थी गिरफ्तारी

उसे 2013 में अपने आश्रम में एक किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में इंदौर में गिरफ्तार किया गया था और 2018 में एक विशेष बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अदालत ने उसे सजा सुनाई थी। गुजरात की एक अदालत ने जनवरी 2023 में एक महिला अनुयायी से जुड़े एक दशक पुराने यौन शोषण मामले में उसे दोषी ठहराया था तथा उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सूरत की पीड़िता ने आसाराम पर 2013 में उसके आश्रम में बार-बार उससे दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

# महाविकास आघाड़ी ने सरकार का किया विरोध



## ▶▶ छत्रपती शिवाजी महाराज के पुतले पर किया दुग्धाभिषेक

दोपहर संवाददाता । ठाणे

सिंधुदुर्ग जिला के मालवण में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज के पुतला कार्य निकृष्ट दर्जे का काम करने के कारण कुछ दिन पहले ढह गया।इसको लेकर महाविकास आघाड़ी की ओर से जमकर विरोध किया गया। मासुंदा तालाब पर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के पुतले पर दुग्धाभिषेक किया गया। वहां उपस्थित आघाड़ी के सभी नेताओं ने शिवाजी महाराज के चरणों में माथा टेका। साथ ही शिल्पकार जयदीप आप्टे को तत्काल गिरफ्तार कर उसका जांच करने की मांग आघाड़ी के नेताओं ने पुलिस आयुक्त से किया। इस अवसर पर शिवसेना नेता व पूर्व सांसद राजन विचारे, पूर्व मंत्री व विधायक जितेंद्र आव्हाड, राकांपा जिलाध्यक्ष सुहास देसाई, ठाणे कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रांत चव्हाण, कांग्रेस महासचिव राहुल पिंगले, जिला प्रमुख केदार दिघे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# रायलादेवी तालाब पर गणेश मूर्ति विसर्जन व छठ पूजा के लिए होगी व्यवस्था

## ■ मनपा आयुक्त व एमएमआरडीए अतिरिक्त ने कामकाज का लिया जायजा

दोपहर संवाददाता । ठाणे

शहर के वागले इस्टेट परिसर में स्थित रायलादेवी तालाब पर सालों से गणेश मूर्ति विसर्जन व छठ पूजा का आयोजन किया जाता है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मनपा आयुक्त सौरभ राव,एमएमआरडीए अतिरिक्त आयुक्त अश्विन मुगदल, पूर्व नगरसेवक राम रेपाले व पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर तालाब पर जाकर चल रहे सुशोभीकरण का जायजा लिया। तालाब के सुशोभीकरण का काम तेज गति से चल रहा है।अंफी थिएटर, फुटपाथ का कामकाज देखते हुए



गणेश मूर्ति विसर्जन व छठ पूजा के लिए चर्चा कर इसके लिए अतिरिक्त आयुक्त मुगदल ने संबंधित अधिकारियों को उचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिया। वहीं मनपा आयुक्त राव ने समय पर अच्छा काम करने के लिए कहा। विसर्जन घाट व छठ पूजा के लिए बड़ी संख्या में आने वाले भक्तों के लिए अधिक जगह उपलब्ध होगा पूर्व नगरसेवक राम रेपाले व एकनाथ भोईर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मनपा नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, उपनगर अभियंता विकास ढोले, शुभांगी केसवानी, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान आदी अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रांसपोर्ट एजेंसी ने ठाणे से उत्तराखंड नहीं पहुंचाई सामग्री, मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । ठाणे

पुलिस ने ठाणे से उत्तराखंड भेजी गई 5.50 लाख रुपए की सामग्री की आपूर्ति नहीं करने के आरोप में एक 'ट्रांसपोर्टर' के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को जिम के उपकरण और घरेलू सामान भेजा गया था।

### क्या है शिकायत में?

शिकायत में कहा गया है कि यह सामग्री ठाणे जिले के भिवंडी से ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से उत्तराखंड भेजी गई थी। एक महीने से अधिक समय पहले भेजने के बावजूद यह गंतव्य तक नहीं पहुंची। वागले एस्टेट थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर सोमवार को ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रतिनिधियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (2) (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बदलापुर पहुंचे राज ठाकरे

## ■ अभिभावकों-पुलिस के साथ 15 मिनट की मुलाकात

दोपहर संवाददाता । बदलापुर

बदलापुर की दो मासूम छात्राओं से दुष्कर्म मामले के मद्देनजर मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को बदलापुर शहर का दौरा किया। हालांकि, बड़ी धूमधाम से आयोजित की गए इस दौरे में राज ठाकरे केवल कुछ मिनटों के लिए उपस्थित हुए और चंद अभिभावकों और पुलिस अधिकारियों के साथ बंद दरवाजे में चर्चा की। बदलापुर में दो बच्चियों से दरिंदगी की घटना के बाद बदलापुर शहर एक सप्ताह तक देश भर में चर्चा में रहा, सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं ने यहां का दौरा किया व विभिन्न जांच एजेंसियों की टीम भी बदलापुर में सक्रिय रही है। सेंकडों प्रदर्शनकारियों और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को जांच एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किया जा रहा है। इसलिए जहां सभी पार्टियों के नेता प्रदर्शनकारियों पर हुए अपराध को वापस लेने की मांग कर रहे थे। राज ठाकरे ने कहा कि बदलापुर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना, महाराष्ट्र नवनिर्माण महिला सेना की पदाधिकारी संगीता चेंदवंकर और महिला सेना की अन्य पदाधिकारियों ने इस घटना का पर्दाफाश किया, उन अभागे माता-पिता के परिवारों को सहारा दिया।

### प्रदर्शनकारियों पर केस दर्ज करना गलत



राज ठाकरे में सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बदलापुर की घटना में एक महिला पुलिस अधिकारी द्वारा दिखाई गई उदासीनता इतनी चरम थी कि लोगों का गुस्सा होना और विरोध करना स्वाभाविक था। इस तरह के प्रकोप के बाद स्थिति को धीरे से संभालना होगा। लेकिन यहां प्रदर्शनकारियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। यह एक गलती है। ऐसा नहीं होना चाहिए।

### पुलिस अधिकारियों से की चर्चा

मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने बुधवार को बदलापुर शहर का दौरा किया। इस मौके पर वह शहर के विभिन्न स्कूलों में अभिभावकों से बातचीत करने वाले थे। इसलिए हॉल में बड़ी संख्या में अभिभावक, पदाधिकारी और मीडिया जमा हुए। करीब डेढ़ बजे राज ठाकरे सभागार में दाखिल हुए तो उन्होंने मंच पर जाने की बजाय नीचे कोने में बैठे कुछ अभिभावकों और पूर्व नगर अध्यक्ष वामन म्हात्रे पर आपत्तिजनक बयान देने वाली महिला पत्रकार से चर्चा की और फिर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से चर्चा करने सीधे सभागार के ऊपरी मंजिल पर गए। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने आगे लिखा कि इसलिए मैंने पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की और उनसे प्रदर्शनकारियों को परेशान न करने का आग्रह किया, जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं, इतने दबाव के बावजूद महाराष्ट्र में पुलिस जिस तरह से राज्य को संभाल रही है वह सराहनीय है। लेकिन आख़िरकार, वे हमेशा पुलिस पर दबाव और राजनीतिक हस्तक्षेप से पीड़ित होते हैं।

# शहीद राव रामबख्श सिंह चौक बना चर्चा का विषय

## एकता और अखंडता के प्रतीक माने जाते हैं शहीद राव रामबख्श सिंह



दोपहर संवाददाता । भिवंडी


भिवंडी शहर के कल्याण रोड स्थित अशोक नगर के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे उत्तर प्रदेश के डौंडियाखेड़ा के शहीद राव रामबख्श सिंह के नाम से बनने वाला चौक इन दिनों केंद्र का बिंदु बना हुआ है। मनपा प्रशन और विधायक रईस शेख की मदद से बनाए गए ये चौक एकता और अखंडता का प्रतीक माना जाता है।

### समाजसेवक विनोद त्रिपाठी ने की थी पहल

समाज सेवक विनोद त्रिपाठी के प्रयास से मनपा द्वारा अशोक नगर चौक का नाम राव रामबख्श सिंह के नाम करने का आग्रह किया गया था। इसके लिए 4 अगस्त 2012 को तत्कालीन नगरसेवक विकास एस. निकम ने अमर शहीद राव रामबक्श सिंह के नाम चौक के निर्माण का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया जिसके बाद इस प्रस्ताव पर राजा साहब का इतिहास जानने के लिए तत्कालीन महापौर एवं पीठासीन अधिकारी प्रतिभा पाटील ने एक समिति गठित की थी। समिति ने राव रामबख्श के इतिहास की गहन जानकारी हासिल करने के बाद अपनी पूरी रिपोर्ट मनपा सदन में प्रस्तुत की और अंग्रेजों के लिए आतंक बने रहे राजा साहब की पूरी जानकारी होने पर सदन ने उनकी शहादत का लोहा माना।

### 2013 को मिली चौक निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी

*11 फरवरी 2013 को राजा राव रामबख्श सिंह के नाम पर अशोक नगर प्रवेश द्वार पर चौक निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई । यातायात पुलिस विभाग से एनओसी के बाद मनपा द्वारा चौक निर्माण के लिए 4.98 लाख रुपए का कार्य निविदा निकाला गया। इसे बुर्वे एंड एसोसिएट्स द्वारा निर्माण कार्य को पूरा किया गया और अब जल्द ही इस का उद्घाटन किया जाना है।*




### अमर शहीद राव रामबख्श सिंह को तीन बार दी गई थी फांसी

*बैसवारा के क्रांतिकारी राव राम बख्श सिंह को अंग्रेजों ने फांसी दी थी। उन्हें एक घंटे तक फांसी पर लटकाने का आदेश हुआ था। 17 दिसंबर 1858 को फांसी पर लटकाने के आदेश के एक साल 11 दिन बाद 28 दिसंबर 1859 को राव साहब को उसी जगह पर फांसी दी गई, जहां उन्होंने अंग्रेजों को मारा था। दरअसल 29 जून 1857 को राव राम बख्श सिंह के नेतृत्व में क्रांतिकारी जान बचाने के लिए डिल्लेश्वर मंदिर में घुसे थे। परिस्थिति ऐसी बनी कि 12 अंग्रेज जिंदा जला दिए गए। इसमें जनरल डीलाफौस समेत आठ की मौत हो गई थी। इसी के बाद राव साहब को फांसी की सजा सुनाई गई थी। किवदंती है कि राव साहब को फांसी देते वक्त दो बार फंदा टूट गया। इस पर राव साहब ने गले में पड़ी भोले शंकर के नाम की माला खुद से अलग की। तब जाकर अंग्रेज उन्हें फांसी दे पाए थे। राव साहब की इच्छा पर फांसी के दिन ही बक्सर के लंबरदार देशराज सिंह को उनका शव सौंप दिया गया।*

### अंग्रेजों ने नष्ट किया डौंडियाखेड़ा का किला

*डौंडियाखेड़ा को प्राचीनकाल में द्रोणिक्षेत्र या द्रोणिखेर भी कहा जाता था। अंग्रेजों ने अंतिम राजा राव रामबख्श सिंह को फांसी देने के बाद इस किले पर हमला करके तहस नहस कर दिया। बाद में टूटे फूटे किले को एक दूसरे बैंस राजा दिग्विजय सिंह (मुरारमऊ ) को सौंप दिया। यह किला उन्नाव जिले से 33 मील दूर दक्षिण पूर्व में है, जो 50 फुट उंचे विशाल टीले पर बना था। पश्चिम की ओर गंगा नदी की धारा टीले को छूती बहती है। किले का मुख्य द्वार पूर्व की ओर था। किले की सामने से लंबाई लगभग 385 फुट थी और पीछे का हिस्सा इससे कुछ और अधिक चौड़ा था। वर्ष 2013 में संत शोभन सरकार द्वारा किले में हजारों टन सोना होने की घोषणा के बाद एकाएक डौंडियाखेड़ा देश-विदेश में प्रसिद्ध हो गया।*

दो बजे
# दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



**अनमोल विचार** झूठ तेज दौड़ता है, लेकिन सच्चाई मैराथन दौड़ती है : माइकल जैक्सन

## मुंबई से अयोध्या के लिए 29 अगस्त को चलेगी स्पेशल ट्रेन

### छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात 10:30 बजे होगा प्रस्थान

दोपहर संवाददाता | मुंबई

यात्री यातायात क्लियर करने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-अयोध्या केंट के मध्य एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल, बीना स्टेशन पर ठहराव लेकर गंतव्य को जाएगी।

**स्पेशल ट्रेन तीसरे दिन सुबह 9:30 बजे अयोध्या केंट स्टेशन पहुंचेगी**

रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन 01019 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस–अयोध्या केंट स्पेशल ट्रेन 29 अगस्त को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात 10:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 1:05 बजे इटारसी, चार बजे भोपाल, 7:18 बजे बीना पहुंच कर मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए, तीसरे दिन सुबह 9:30 बजे अयोध्या केंट स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन 01020 अयोध्या केंट–छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 31 अगस्त को अयोध्या केंट जंक्शन स्टेशन से रात 11:40 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 1:20 बजे बीना, 4:10 बजे भोपाल, 6:10 बजे इटारसी पहुंच कर मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 8:15 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।



# 'महाराष्ट्र में अपराधी पुलिस से नहीं डरते'

## अनिल देखमुख ने देवेंद्र फडणवीस पर साधा निशाना

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बदलापुर के एक विद्यालय में चार साल की दो लड़कियों के कथित यौन उत्पीड़न और पुणे में एक पुलिस अधिकारी पर हंसिये से किए गए हमले की घटनाओं को लेकर उत्पन्न जनाक्रोश के बीच आया है। इस पर बोलते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के वरिष्ठ नेता अनिल देशमुख ने बुधवार को आरोप लगाया कि गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस के प्रशासन में राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में अपराधियों को अब पुलिस का डर नहीं है। देशमुख का बयान बदलापुर के एक विद्यालय में चार साल की दो लड़कियों के कथित यौन उत्पीड़न और पुणे में एक पुलिस अधिकारी पर हंसिये से किए गए हमले की घटनाओं को लेकर उत्पन्न जनाक्रोश के बीच आया है। देशमुख ने 'पीटीआई-वीडियो' के साथ साक्षात्कार में कहा कि ''गृहमंत्री के प्रशासन में राज्य में पुलिस का कोई डर नहीं रह गया है। पुलिस को खुलेआम पीटा जाता है। अपराधियों के बीच पुलिस का डर होना चाहिए।''



### शक्ति कानून पिछले तीन साल से राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए लंबित

राज्य के पूर्व गृहमंत्री देशमुख ने मांग की कि केंद्र महाराष्ट्र सरकार के शक्ति कानून को यथाशीघ्र मंजूरी दे जिसमें महिलाओं के साथ जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान है। उन्होंने दावा किया कि यदि यह कानून प्रभाव में होता तो महिलाओं के साथ अपराध नहीं होते। उन्होंने आरोप लगाया कि ''केंद्र में भाजपा की सरकार है फिर भी शक्ति कानून पिछले तीन साल से राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए लंबित है। इस कानून में दुष्कर्म जैसे अपराध करने वालों के लिए मौत की सजा सहित सबसे कठोर सजा का प्रावधान है। लेकिन सरकार महिलाओं के मुद्दों पर बिल्कुल भी गंभीर नजर नहीं आती है।''

### शक्ति आपराधिक कानून को मंजूरी देने की मांग

महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों ने तीन साल पहले जब महाराष्ट्र शक्ति आपराधिक कानून के कार्यान्वयन के लिए 'शक्ति आपराधिक कानून (महाराष्ट्र संशोधन) विधेयक, 2020 और विशेष न्यायालय तथा मशीनरी' पारित किया था, तब महा विकास आघाड़ी (MVA) सत्ता में थी। देशमुख ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने से संबंधित महत्वपूर्ण 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीन योजना' का इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि उनका अंदाजा है कि बाद में यह योजना बंद कर दी जाएगी।

### 'लाडली बहन योजना रहेगी जारी'

अनिल देशमुख ने कहा कि यदि महा विकास आघाड़ी गठबंधन चुनाव बाद सत्ता में आया तो वह इस योजना को जारी रखेगा। एमवीए के सत्ता में रहने के दौरान गृहमंत्री रहे देशमुख ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि तत्कालीन विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, मंत्रियों आदित्य ठाकरे एवं अनिल परब को फंसाने के लिए उनपर एक हलफनामा तैयार करने का दबाव डाला था। उन्होंने भ्रष्टाचार और धन शोधन के आरोपों में अपनी गिरफ्तारी के लिए फडणवीस को जिम्मेदार ठहराया था। देशमुख फिलहाल जमानत पर हैं।

# टल गई 12 सरकारी बंदरगाहों की हड़ताल

### सैलरी में बढ़ोतरी को लेकर कर्मचारियों के संगठन ने किया समझौता

दीपक पवार | मुंबई/नई दिल्ली।



देश के 12 प्रमुख सरकारी बंदरगाहों पर कर्मचारियों की हड़ताल टल गई है। प्रमुख सरकारी बंदरगाहों के कर्मचारी आज 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले थे। उससे ऐन पहले कर्मचारियों के संगठनों और वेतन पर बातचीत कर रही समिति के बीच समझौता हो गया।

### 28 अगस्त से होने वाली थी हड़ताल

प्रमुख सरकारी बंदरगाहों के कर्मचारियों की हड़ताल टाले जाने का निर्णय ऐसे समय आया है, जब प्रस्तावित अनिश्चिचकालीन हड़ताल से ऐन एक दिन पहले पोर्ट एम्पलॉइज के संगठनों और वेज नेगोशिएशन कमिटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हो गया।

### समुद्री व्यापार में अहम भूमिका

देश के 12 प्रमुख सरकारी बंदरगाह समुद्र के रास्ते होने वाले व्यापार में बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन 12 बंदरगाहों पर अभी करीब 18 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। वे विभिन्न वर्कर्स यूनियन के साथ जुड़े हुए हैं।

### फेडरेशंस ने जारी किया संयुक्त बयान

हालांकि अब वेज रिवीजन पर बात कर रही समिति के साथ एमओयू पर साइन किए जाने के बाद एम्पलॉइज एसोसिएशंस ने संयुक्त बयान जारी किया है। जॉइंट स्टेटमेंट के अनुसार, आईपीए के चेयरमैन, आईपीए के एमडी और छह फेडरेशनों के प्रतिनिधियों के बीच सहमति बनने व एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद छह फेडरेशनों के द्वारा 28 अगस्त से बुलाई गई अनिश्चितकालीन हड़ताल टल गई है।

# नगर पथ विक्रेता समिति के चुनाव

## रवि डेरे और सुरेश गुप्ता ने लगाया जीत के लिए जोर




**मुंबई।** हाल ही में नगर पथ विक्रेता समिति के चुनाव के लिए मुंबई नगर निगम (मनपा) ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन चुनावों में 20 वार्डों के पथ विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व चुना जाएगा, जो नगर निगम द्वारा लागू किए गए नियमों और योजनाओं के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए कई कदम उठाए

मनपा ने इस बार चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। मतदान 29 तारीखों की घोषणा की गई है और उम्मीदवारों की सूची भी सार्वजनिक कर दी गई है। चुनाव के तहत परिमंडल 1 के लिए रवि डेरे, सुरेश गुप्ता, भगवान सालवी और एसी फातिमा हसन ने जोर लगाया है। पथ विक्रेताओं को उनके कामकाजी क्षेत्र के हिसाब से प्रतिनिधि चुनने का मौका मिलेगा, जो उनके हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करेंगे। परिमंडल 1 सबसे ज्यादा व्यस्त इलाका माना जाता है। विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचा कर हल निकालने का दावा इन उम्मीदवारों ने किया है। इनके हाथ मजबूत करने के लिए विक्रेताओं द्वारा मतदान प्रक्रिया में वोट देने का आवाहन भी किया गया है। सभी पथ विक्रेताओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सूचना भेज दी गई है और मतदान के दिन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। मनपा का कहना है कि यह चुनाव पथ विक्रेताओं की समस्याओं को सुलझाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारिक समुदाय से भी अपील की गई है कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और सही प्रतिनिधि चुनने में सहयोग दें। मनपा के अधिकारी चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए लगातार संपर्क में हैं और किसी भी प्रकार की असुविधा या शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी की गई है।

# 'राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला हत्या से ज्यादा गंभीर'

## इंजीनियर की सजा निलंबित करने से हाई कोर्ट का इनकार

दीपक पवार | मुंबई

मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ का मानना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला हत्या के आरोप से ज्यादा गंभीर होता है। पीठ ने इसी को आधार मानते हुए जासूसी के आरोप में आजीवन कारावास की सजा पाए इंजीनियर की सजा निलंबित करने से इनकार कर दिया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को नागपुर की एक अदालत ने महत्त्वपूर्ण सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को लीक करने के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अग्रवाल ने अपनी सजा को निलंबित करवाने एवं जमानत देने की मांग करते हुए मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ में याचिका दायर की थी।



### जासूसी का आरोप

इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए नागपुर की पीठ के न्यायमूर्ति विनय जोशी एवं वृषाली जोशी ने यह महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की है कि जब राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला सामने आता है तो यह हत्याओं के मामलों की तुलना में अधिक गंभीर होता है। ऐसे में हम राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का जोखिम नहीं उठा सकते। पीठ ने मंगलवार को यह टिप्पणी करते हुए अग्रवाल की आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया है। यह मामला 2018 का है, जब ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रा.लि. के नागपुर कार्यालय में कार्यरत इंजीनियर निशांत अग्रवाल पर संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को लीक करने का आरोप लगा था।

### याचिका पर विचार करने से कोर्ट का इनकार

इसी मामले में नागपुर की अदालत ने अग्रवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। यह सजा निलंबित करवाने एवं जमानत पाने के लिए अग्रवाल की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए नागपुर पीठ ने कहा है कि मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा है, जिसे गंभीरता से देखा जाना चाहिए। अपराध का प्रभाव राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

# 370 घरों की कीमत में कटौती

### लॉटरी के लिए आवेदन करने की 15 दिन की मोहलत



दीपक पवार | मुंबई


म्हाडा के मुंबई बोर्ड के माध्यम से 2030 घरों की लॉटरी की घोषणा की गई है। इस लॉटरी में शामिल घरों की कीमतों को कम करने की मांग विभिन्न स्तरों से शुरू होने के बाद, आवास मंत्री अतुल सावे ने अंततः विकास नियंत्रण विनियमों के तहत भवनों के पुनर्विकास के माध्यम से म्हाडा द्वारा निजी डेवलपर्स से प्राप्त 370 घरों की कीमतों को कम करने के निर्णय की घोषणा की है। लॉटरी के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि भी 19 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

**क्रेडिट सोसाइटी घोटाला**

# आईपीएस अधिकारी भाग्यश्री नवटके के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता | मुंबई/पुणे

पुणे पुलिस ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी भाग्यश्री नवटके के खिलाफ जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप में मामला दर्ज किया है। नवटके ने एक क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी से जुड़े 1,200 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की जांच का नेतृत्व किया था। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। घोटाले की जांच में प्रक्रियागत खामियों को उजागर करने संबंधी अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की रिपोर्ट के



आधार पर महाराष्ट्र गृह विभाग के निर्देश पर नवटके और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नवटके ने 2021 में पुणे जिले में भाईचंद हीराचंद रायसोनी क्रेडिट सोसाइटी से जुड़े कथित घोटाले से संबंधित मामलों की जांच के लिए डीसीपी (आर्थिक अपराध शाखा) के तौर पर विशेष जांच दल का नेतृत्व किया था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''सीआईडी (अपराध जांच विभाग) ने कथित भाईचंद हीराचंद रायसोनी (बीएचआर) घोटाले से संबंधित जांच की। सीआईडी ने राज्य के गृह विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंपी।'' उन्होंने कहा कि राज्य के गृह विभाग ने पुणे पुलिस को सीआईडी की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। अधिकारी ने कहा, ''गृह विभाग के आदेश के बाद, बीएचआर घोटाले में दर्ज मामलों की जांच के लिए गठित एसआईटी का नेतृत्व करने वाली भाग्यश्री नवटके के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।'' उन्होंने कहा कि सीआईडी की जांच में नवटके द्वारा की गई जांच में प्रक्रियात्मक खामियों का उल्लेख किया गया है। नवटके वर्तमान में चंद्रपुर में राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) में अधीक्षक के रूप में तैनात हैं। कथित घोटाले से संबंधित मामला 2015 का है। इसमें बड़ी संख्या में लोगों को कथित तौर पर सावधि जमा पर आकर्षक ब्याज का वादा करके ठगा गया था।

# दही हांड़ी में 245 गोविंदा हुए घायल

## 213 लोगों को मिली अस्पताल से छुट्टी

दोपहर संवाददाता | मुंबई



मुंबई में मंगलवार को एक 'दही हांडी' उत्सव के हिस्से के रूप में मानव पिरामिड बनाने में शामिल कुल 245 'गोविंदा' या युवा घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि इन घायल व्यक्तियों में से 32 को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जबकि 213 को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। एक अधिकारी ने कहा कि उनमें से ग्यारह को बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा संचालित केईएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, चार को राजावाड़ी और सायन अस्पताल में एक चिकित्सा सुविधा में, एक को जे जे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि अन्य घायल गोविंदाओं को दक्षिण मुंबई में सरकारी सेंट जॉर्ज अस्पताल, जोगेश्वरी में नगर निगम द्वारा संचालित ट्रॉमा केयर अस्पताल समेत अन्य चिकित्सा प्रतिष्ठानों में भर्ती कराया गया है। त्योहार के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए महानगर में 11,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

# शिवाजी पार्क में 36वां समर्थ जूडो शिविर का आयोजन

दोपहर संवाददाता | मुंबई

आजकल समाज में कुछ विकृत प्रवृत्तियों के कारण सुरक्षित घर पहुंचने की कोई गारंटी नहीं है। दुर्भाग्य से, जब युवा महिलाओं के साथ ऐसी घटनाएं होती हैं, तो कई लोग बस देखते रहते हैं और कुछ नहीं करते। ऐसे में हर युवती और महिला को आत्मरक्षा की दृष्टि से जूडो की कला सीखना बहुत जरूरी है। इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रकाश गवली ने इस बात पर जोर दिया. शिविर हाल ही में श्री समर्थ विजम मंदिर, शिवाजी पार्क, दादर में संपन्न हुआ। श्री समर्थ व्यायाम मंदिर के 36वें समर्थ शिविर का उद्घाटन शिव छत्रपति पुरस्कार विजेता और भारतीय शूटिंग टीम के कोच श्री विश्वजीत दत्तराम शिंदे ने किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अध्यक्षता प्रकाश रामचन्द्र गवली उपस्थित थे।




### आत्मरक्षा के लिए जूडो कला समय की आवश्यकता

जूडो आत्मरक्षा का एक उत्कृष्ट उपकरण है, जो पूरी दुनिया में लोकप्रिय है। जूडो 'सॉफ्ट वे' के लिए जापानी शब्द है, जिसका अर्थ है दुश्मन की ताकत को नियंत्रित करने और उसका विरोध करने के लिए तकनीक का उपयोग। जूडो प्रशिक्षण से शरीर की शक्ति, शारीरिक लचीलापन और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। इस कला को अक्सर पुराने और अनुभवी लोगों द्वारा कमजोर और कमजोर लोगों के खिलाफ सफलतापूर्वक लड़ा जाता है।

### कई महानुभाव थे उपस्थित

भारत और विदेशों में मल्लखंभ खेल को फैलाने के अपने प्रयासों के लिए कई राज्य और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पद्म श्री से सम्मनित उदय देशपांडे (समर्थ व्यायाम मंदिर के मानद महासचिव) और व्यायाम स्कूल के अध्यक्ष अरुण देशमुख मंच पर उपस्थित थे। नीता ताटके ने अतिथियों का परिचय कराया तथा कार्यक्रम का संचालन किया। श्री समर्थ व्यायाम मंदिर, दादर व्यायाम और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में 95 वर्षों से लगातार काम कर रहा है।

# लोकल ट्रेनों में 20 साल में गईं 23,000 से ज्यादा जानें

## पश्चिमी रेलवे ने बॉम्बे हाईकोर्ट को दी जानकारी

दोपहर संवाददाता | मुंबई



रेलवे ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि पिछले 20 सालों में मुंबई की लाइफलाइन यानी लोकल ट्रेनों में कुल 23,027 लोगों की जान गई है और कम से कम 26,572 नागरिक घायल हुए हैं। यह बात पश्चिमी रेलवे के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस अमित बोरकर की खंडपीठ के आदेश के जवाब में दायर हलफनामे में कही है, जिसमें लोकल ट्रेनों में मौतों को रोकने के लिए 'मजबूत' प्रणाली की मांग की गई है।

### जनहित याचिका पर सुनवाई

अपने हलफनामे में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त संतोष कुमार सिंह राठौर ने वर्ष 2005 से जुलाई 2024 तक मौतों की संख्या और इन 20 वर्षों के दौरान घायल हुए व्यक्तियों के आंकड़ों को दर्शाते हुए एक विस्तृत चार्ट संलग्न किया है। हलफनामा यतिन जाधव द्वारा अधिवक्ता रोहन शाह के माध्यम से दायर जनहित याचिका में दायर किया गया है, जिसमें इन मौतों के लिए जिम्मेदार प्रणालीगत मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है और सुधार के उपाय सुझाए गए हैं। रेलवे का बचाव करते हुए हलफनामे में कहा गया है कि यह गलत है कि घटनाओं की संख्या में कमी आने का कोई संकेत नहीं है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
**- सार्वजनिक सूचना-**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (1 जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-6 के अंदर एस विभाग से 01 प्रस्ताव यानी कुल 01 प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए मनपा आयुक्त/अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी)/ उक्त अधिनियम की धारा (8) की उप धारा (6) के तहत मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका/गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण 722 (एस)। उक्त प्रस्ताव दिनांक 26/08/2024 को पोर्टल पर अपलोड किया गया है, इसलिए 15 सितम्बर, 2024 तक 21 दिन गिने जाएंगे।

उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी, वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,
पेग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
टेली नं -23742162
ईमेल- sg.gardens@mcgm.gov.in

हस्ता.
**उद्यान अधीक्षक व वृक्ष प्राधिकरण**

पीआरओ/1088/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

दो बजे दोपहर



संपादकीय

# बेल, फिर भी जेल

देश में लंबे समय से यह मुद्दा चर्चा में रहा है कि आखिर क्यों जमानत मिलने के बावजूद हजारों विचाराधीन कैदी जेलों में अमानवीय जीवन जीने को अभिशप्त हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि देश की जेलें जरूरत से ज्यादा कैदियों से भरी हुई हैं। जिसमें गरीब व वंचित समाज के लोगों की संख्या ही अधिक है। ऐसे गरीब लोगों की संख्या काफी है, जिनकी कोई जमानत लेने वाला तक नहीं होता। हम न भूलें कि जेलों का मकसद परिस्थितिवश अपराध की गलियों में फिसले लोगों के जीवन में सुधार लाना होता है, सिर्फ दंडित करना ही नहीं। खूंखार व पेशेवर अपराधियों को छोड़ दें, तो विषम हालातों में अपराधों की दुनिया में उतरे लोगों का हृदय परिवर्तन करके एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी जेलों में रखने का मकसद होता है। यही वजह है कि जमानत मिलने के बावजूद जेल के सीखचों के पीछे बंदी जीवन जीने वाले विचाराधीन कैदियों की रिहाई के प्रश्न पर गाहे-बगाहे चिंता व्यक्त की जाती रही है। निस्संदेह, हमारी जेलें कैदियों से खचाखच भरी हैं। उनमें कैदियों की संख्या निर्धारित संख्या से बहुत ज्यादा ही है। एक अनुमान के अनुसार करीब पांच हजार विचाराधीन कैदी जमानत मिलने के बावजूद रिहाई की प्रतीक्षा में हैं। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश जारी किए थे। जिसमें अदालतों से बांड और जमानत देने की शर्तों को संशोधित करने पर विचार करने को कहा गया था। शीर्ष अदालत ने इस दिशा में संकेत दिया था कि ऐसे कैदियों की सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों पर एक रिपोर्ट तैयार की जाए। जिससे विचाराधीन कैदियों की रिहाई की शर्तों में ढील दी जा सके। निस्संदेह, बदलते वक्त के साथ एक लोकतांत्रिक देश में न्यायिक व्यवस्था का चेहरा मानवीय बनाने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। वैसे भी न्याय की अवधारणा रही है कि निर्दोष व्यक्ति को किसी भी हालात में अन्याय से बचाया जाना प्राथमिक दायित्व होना चाहिए। इसी आलोक में शीर्ष अदालत ने एक बार फिर न्यायाधीशों से कहा है कि वे जीवन की कड़वी हकीकत से आंख नहीं मूंद सकते। इसका अवलोकन स्थिति को अधिक स्पष्ट कर सकता है। अदालत का मानना रहा है कि जमानत देना और उसके बाद अत्यधिक शर्तें लगा देना, कुछ ऐसा ही है कि दाहिने हाथ से किसी को कुछ दिया गया, बाएं हाथ से छीन लिया गया। अदालत ने मानवीय दृष्टिकोण को संस्थागत बनाने की जरूरत पर बल दिया है। दरअसल, जमानत एक नियम है और जमानत से इनकार एक अपवाद है। इस बात को शीर्ष अदालत ने हाल के फैसलों में जोरदार तरीके से दोहराया है। यह माना गया कि यदि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिये कोई मामला बनता है तो जमानत दी जानी चाहिए। अब चाहे भले ही किसी व्यक्ति का अपराध गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम यानी यूएपीए के तहत ही क्यों न हो। दरअसल, आतंकी कृत्यों को दंडित करने वाले कानूनों को अकसर कठोर कर दिया जाता है। यही वजह कि त्वरित सुनवाई और स्वतंत्रता के हक को पवित्र अधिकार बताते हुए शीर्ष अदालत ने यह कहने से कोई परहेज नहीं किया कि निचली अदालतें और उच्च न्यायालय जमानत देने के मामलों में सुरक्षित दृष्टिकोण अपनाने का प्रयास करते नजर आते हैं। शीर्ष अदालत ने इस बात को लेकर गंभीर चिंता जताई कि देश की न्याय प्रणाली हर स्तर पर देरी से जूझ रही है। यदि 'तारीख पे तारीख' एक पुरानी खामी है तो जमानत मिलने के बाद विचाराधीन कैदियों के जेलों में बंद रहने का पहलू भी यही है। अदालत का मानना रहा है कि देश में जागरूकता और कानूनी साक्षरता की कमी भी इस संकट को बढ़ाने का ही काम कर रही है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत का दृष्टिकोण न केवल प्रगतिशील व न्यायपूर्ण है बल्कि देश में व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा और नागरिकों को जागरूक करने के गंभीर मुद्दे की ओर भी ध्यान दिलाता है। शीर्ष अदालत की हालिया संवेदनशील पहल से देश में करोड़ों लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण और पीढ़ी-दर-पीढ़ी न्याय की आस में बैठे लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में गंभीर पहल की उम्मीद भी जगती है।

# नापाक गठजोड़ से संचालित तबादलों का बड़ा खेल



गुरबचन जगत

मेरी यादें मुझे 1990 के दशक के मध्य में ले जा रही हैं, जब मैं चंडीगढ़ स्थित पुलिस मुख्यालय में एक प्रशासनिक अधिकारी की हैसियत से नियुक्त था। एक दोपहर, पुलिस महानिदेशक ने मुझे बुलाया और इच्छा जताई कि मुझे भी पंजाब भवन में मुख्यमंत्री के साथ बैठक में उनके साथ जाना चाहिए। हम दोनों समय पर पहुंच गए, लेकिन मुख्यमंत्री वहां नहीं थे, कुछ देर बाद उनकी ओर से एक सहयोगी आया। गर्मजोशी भरी दुआ-सलाम के आदान-प्रदान के बाद, मंत्री ने अपनी जेब से कागज की एक पर्ची निकाली और महानिदेशक को थमा दी। मेरे बॉस जल्द आपा खो देने के लिए मशहूर थे और मैं उनका चेहरा लाल होते हुए देख पा रहा था। फिर उन्होंने वह पर्ची मुझे पकड़ा दी, इसमें लगभग 20 तबादलों की सूची थी। प्रस्तावित बदलियां एक ही सिद्धांत पर आधारित थीं- सभी मौज-मस्ती वाले फील्ड में और तमाम बढ़िया अधिकारी दफ्तरी कामकाज पर। डीजीपी ने मुझसे मेरी राय पूछी, मैंने उनकी सोच का समर्थन किया और कहा कि एक भी प्रस्ताव स्वीकार करने लायक नहीं है। महानिदेशक उठ खड़े हुए और जैसे ही हम बाहर निकलने के लिए तैयार हुए, मंत्री ने सुझाव दिया कि इस मामले पर हम चर्चा कर सकते हैं और चाहें तो कुछ बदलाव भी किए जा सकते हैं। लेकिन उन्हें दो टूक बता दिया गया कि ऐसी सौदेबाजी हमारे बस की नहीं है, सो इस निश्चय के साथ बैठक से बाहर आ गए। मैंने महानिदेशक को उनके घर छोड़ा और कहा कि अब हमें खुद भी अपनी बदली के लिए तैयार रहना चाहिए। दो दिनों के बाद, हम दोनों को सूबे से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया और साथ ही मुख्य सचिव को भी (जाहिर है, उन्हें भी ऐसा ही अनुभव हुआ होगा)। हालांकि, वह वक्त अलग था और मूल्य और सिद्धांत अपनी जगह कायम थे, लिहाजा हम में से किसी की भी नौकरी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। वास्तव में, महानिदेशक की नियुक्ति बतौर राज्यपाल एक सूबे में हो गई। मुख्य सचिव की प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में और मुझे जम्मू-कश्मीर का पुलिस महानिदेशक बनाया गया। यह प्रसंग तब का था जब हम अभी उग्रवाद के जंजाल से पूरी तरह उबरे नहीं थे। वैसे भी बदलियों और नियुक्तियों को लेकर पुराने नियम-कायदे अभी भी जारी थे। पुलिस महानिदेशक की ओर से गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाता और यदि गृह सचिव और डीजीपी के बीच कोई मतभेद हो, तो उसे दूर कर करने के बाद, नाम आगे मुख्यमंत्री को भेज दिया जाता। साथ ही, उग्रवाद के कारण, महानिदेशक के भेजे प्रस्ताव सामान्यतः स्वीकार हो जाते थे। इससे पहले भी,स्वतंत्रता-पूर्व काल में यही प्रथा थी और इस पर अमल बड़े जिम्मेदार तरीके से किया जाता था। ऐसे मामलों में, बड़े पैमाने पर राजनीतिक हस्तक्षेप होने का सवाल नहीं था। 19वीं सदी के मध्य में भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) में सुधार लागू होने शुरू हुए (1854 में आईसीएस पर लॉर्ड मैकॉले की रिपोर्ट के परिणामस्वरूप) और नौकरी पर रखना किसी की मेहरबानी की बजाय योग्यता-आधारित प्रणाली में परिवर्तित हो गया। ये सुधार ब्रिटिश होम सिविल सर्विस में भी लागू किए गए। एल्के फ्रैंक (हंटर कॉलेज, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ़ न्यूयॉर्क) द्वारा लिखे गए एक शोधपत्र में, उन्होंने सरकार परिवर्तन काल में नौकरशाही के महत्व का वर्णन किया है : 'चूंकि नौकरशाही' आधुनिक सरकार की धुरी है, इसलिए राजनीतिक परिवर्तन काल की प्रक्रिया में नौकरशाहों की भूमिका खासतौर पर अहम हो जाती है। जब एक सरकार पहले वाली की जगह लेती है, भले ही सत्ता का यह हस्तांतरण राजनीतिक व्यवस्था के अंदर क्रांतिकारी परिवर्तन दर्शाता हो या फिर स्थापित संवैधानिक ढांचे के भीतर किसी पार्टी की किस्मत चमकी हो, नौकरशाहों से अपेक्षा होती है कि वे अपने पदों पर बने रहें और प्रशासन के क्रिया-कलाप में पूर्ववत भाग लेते रहें। नीतिगत तंत्र में चाहे कितने भी बड़े बदलाव हों, सरकार के पहिए थमने नहीं चाहिए। आवश्यक कार्यक्रम और संचालन जारी रहें, बुनियादी प्रतिबद्धताओं का सम्मान बना रहे, वरना पूरा सामाजिक ताना-बाना बिखर जाएगा।' यह योग्यता-तंत्र की मूल परिकल्पना के अनुरूप है और उन बुनियादी प्रतिबद्धताओं का सम्मान अवश्य रहे, जिनसे मिलकर लोकतंत्र एवं एक सक्षम सरकार का हृदयस्थल बनता हैं। हालांकि, राजनीतिक एवं प्रशासनिक काबिलियत, जवाबदेही और नैतिकता के मानकों में आमतौर पर आई गिरावट के अलावा सिविल सेवाओं में बाहरी हस्तक्षेप बढ़ने लगा। इसकी शुरुआत तब हुई जब सत्तासीन लोग अपने प्रभाव क्षेत्र में मनपसंद अधिकारी चाहते थे और अफसर भी जिस जगह मनमाफिक नियुक्ति चाहते थे, उसके लिए राजनीतिक संबंधों को भुनाने लगे– इस तरह आपसी हितों का पोषण करने वाली एक व्यवस्था स्थापित हो गई। पहले पहल, यह बूंदों के रूप में थी, लेकिन बाद में तो बाढ़ आ गयी। कारण था सिविल सेवाओं का राजनीतिकरण और राजनेता-अपराधी-पुलिस गठजोड़ का उद्भव, जिसमें आगे इजाफा हुआ सियासी दलों द्वारा 'इलाका प्रभारी' प्रणाली की शुरुआत से (विभिन्न राज्यों में इलाका प्रभारी को अलग-अलग नाम से जाना जाता है)। सिविल अधिकारी खुलकर 'सियासी आकाओं' के साथ गठजोड़ करने लगे और अपने राजनीतिक मालिकों की धन एवं बाहुबल से मदद करने के लिए आपराधिक गुटों को अभयदान देने लगे। जिला और उपमंडल स्तरीय पद, जैसे डीएसपी, एसडीएम और एसएचओ स्तर पर बदलियों का काम इलाका प्रभारियों के हवाले कर दिया गया, जो इन अधिकारियों को पैसा पहुंचाने वाले बिचौलिए भी बन गए, जिनकी प्रतिबद्धता अब अपने वरिष्ठ अधिकारियों या सेवा के प्रति न रहकर इस माफिया की ओर हो गई। इस घटनाक्रम ने सिविल सेवाओं में अपने से ऊपर अधिकारियों के प्रति जवाबदेही और इसकी नैतिकता की रीढ़ तोड़ दी, और कानून के शासन के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखने के दिन लद गए। अधिकतर अच्छे अफसरों को दरकिनार कर दिया गया या उन्होंने डेपुटेशन पर भारत सरकार में जाना चुना (यह बीमारी फैलने में कुछ समय लगा लेकिन अब तो गहरे तक पैठ कर चुकी है)। धन और बाहुबल की बढ़ती जरूरत के कारण, भ्रष्टाचार में गुणात्मक वृद्धि हुई और संगठित आपराधिक गुटों से बहुत बड़ी मात्रा में 'गंदा पैसा' आने लगा, वे नेताओं को बाहुबल भी मुहैया करवाते हैं।

सहज योग

# चेतना के विभिन्न स्तर



तुम वर्तमान को रोक नहीं सकते; आप अपने चित्त को वर्तमान में रोक नहीं सकते। अब, इसी वक्त में होना, तुम नहीं हो पाते, यही कठिनाई है। तुम या तो अतीत के बारे में सोचते हो या भविष्य के बारे में, लेकिन तुम वर्तमान के बारे में नहीं सोच सकते, इस क्षण के बारे में नहीं सोच पाते

आपने छह अंधे आदमियों की कहानी सुनी होगी जो एक हाथी को समझने की कोशिश कर रहे थे। जैसा कि मैंने कल तुमसे कहा था कि एक ऐसी विधि हो सकती है जिसके द्वारा तुम प्रकाश डाल सकते हो और मनुष्य का संपूर्ण, चित्र स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इस तस्वीर में मैं उस हिस्से को नहीं दिखा पायी लेकिन मानव मन में, जैसा कि आप सभी जानते हैं, चेतना के विभिन्न स्तर हैं। अब तुम मुझे सुन रहे हो, मेरी ओर ध्यान दे रहे हो, तुम्हारा चित्त मेरी ओर है। यह ध्यान चेतन मन है। आप जानते हैं कि मैं जो बोल रही हूं उसके प्रति आप सचेत हैं। पल-पल तुम मुझे सुन रहे हो। यह वर्तमान क्षण अभी, इस क्षण, यह क्षण जैसा है, यह फिसल रहा है, अतीत बन रहा है और भविष्य आपके भीतर आ रहा है। हर क्षण मिट रहा है और एक नया क्षण आ रहा है। तुम वर्तमान को रोक नहीं सकते; आप अपने चित्त को वर्तमान में रोक नहीं सकते। अब, इसी वक्त में होना, तुम नहीं हो पाते, यही कठिनाई है। तुम या तो अतीत के बारे में सोचते हो या भविष्य के बारे में, लेकिन तुम वर्तमान के बारे में नहीं सोच सकते, इस क्षण के बारे में नहीं सोच पाते। तो, एक साधारण काम में, हमारे पास हमारा अतीत और हमारा भविष्य है। अतीत, वे इसे अवचेतन मन कहते हैं। अवचेतन मन, वे इसे कभी-कभी मानस कहते हैं। मुझे नहीं पता कि मानस से उनका क्या मतलब है, वे बहुत भ्रमित हैं, लेकिन हमारे पास एक अवचेतन की परत है, जिसमें हम जो कुछ भी इकट्ठा करते हैं, अनुभव, कंडीशनिंग, सब कुछ संग्रहीत करते हैं। यह कार्य बायीं ओर की नाड़ी द्वारा किया जाता है, जिसे इड़ा नाड़ी के नाम से जाता है, जो महाकाली की शक्ति से संचालित होती है। अब इस शब्द से सभी अंग्रेजी जानने वाले वैज्ञानिकों को झटका नहीं लगना चाहिए। यह महाकाली शक्ति समस्त अनुभवों को संचित करके कार्य करती है, वर्तमान से भूतकाल में आपके पास जितने भी विचार आ रहे हैं, वह सब महाकाली शक्ति द्वारा किया जाता है। भविष्य के बारे में सोचना, भविष्य की योजना बनाना, भविष्य को व्यवस्थित करना महासरस्वती की दायीं ओर की शक्ति द्वारा किया जाता है जो पिंगला नाड़ी के माध्यम से कार्य करता है। स्थूल रूप में उन्हें बाएं और दाएं अनुकंपी तंत्रिका तंत्र व्यक्त में किया जाता है। लेकिन एक डॉक्टर के लिए, दोनों प्रणालियां एक साथ काम करती हैं। वे इतने परस्पर जुड़े हुए हैं कि उनके लिए उन्हें आवंटित दो अलग-अलग कार्यों को सत्यापित करना बहुत मुश्किल है क्योंकि उनके तरीके और विधियां इतने ही स्थूल हैं।

जीवन ऊर्जा

माइकल जैक्सनः जन्म- 29 अगस्त 1958 | जन्म

माइकल जैक्सन अमेरिकी गायक, गीतकार और नर्तक थे, जो 1980 के दशक की शुरुआत और मध्य में दुनिया के सबसे लोकप्रिय मनोरंजनकर्ता थे। उनका जन्म 29 अगस्त 1958 गैरी, इंडियाना, यू.एस में हुआ था। 'पॉप के राजा' के नाम से मशहूर, माइकल जैक्सन 20वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक हस्तियों में से एक माने जाते हैं। माइकल जैक्सन का निधन 25 जून 2009 को हो गया।

# झूठ तेज दौड़ता है, लेकिन सच्चाई मैराथन दौड़ती है



नफरत से भरी दुनिया में, हमें अभी भी उम्मीद करने का साहस करना चाहिए। क्रोध से भरी दुनिया में, हमें अभी भी सांत्वना देने का साहस करना चाहिए। निराशा से भरी दुनिया में, हमें अभी भी सपने देखने का साहस करना चाहिए और अविश्वास से भरी दुनिया में, हमें अभी भी विश्वास करने का साहस करना चाहिए।

यदि आप यह जानते हुए इस दुनिया में आते हैं कि आपसे प्यार किया जाता है और यह जानते हुए ही आप इस दुनिया से जाते हैं, तो बीच में जो कुछ भी होता है, उससे निपटा जा सकता है। झूठ तेज़ दौड़ता है, लेकिन सच्चाई मैराथन दौड़ती है। हमें अपनी घायल दुनिया को ठीक करना होगा। आज हम जो अराजकता, निराशा और संवेदनहीन विनाश देखते हैं, वह उस अलगाव का परिणाम है जो लोग एक-दूसरे और अपने पर्यावरण से महसूस करते हैं। जब वे कहते हैं कि मेरे लिए आकाश ही सीमा है तो यह सचमुच सच है। जीने का मतलब संगीतमय होना है, जिसकी शुरुआत आपकी रगों में नाचते खून से होती है। हर जीवित चीज की एक लय होती है। क्या आप अपना संगीत महसूस करते हैं? लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं संगीत कैसे बनाता हूं। मैं उनसे कहता हूं कि मैं बस इसमें कदम रखता हूं।

यह नदी में कदम रखने और प्रवाह में शामिल होने जैसा है। नदी के हर क्षण का अपना गीत है। हम सभी अपने बचपन की उपज हैं। आशा बहुत सुंदर शब्द है, लेकिन अक्सर यह बहुत नाजुक लगता है। जीवन अभी भी अनावश्यक रूप से आहत और नष्ट हो रहा है। अपनी मासूमियत में, बहुत छोटे बच्चे स्वयं को प्रकाशवान और प्रेमपूर्ण समझते हैं। यदि हम उन्हें अनुमति देंगे, तो वे हमें स्वयं को उसी तरह देखना सिखा सकते हैं। किसी को अपने दिल का टुकड़ा देना, दुनिया की सारी दौलत से ज्यादा कीमती है।

प्रेरक प्रसंग

# बाज और किसान

बहुत समय पहले की बात है , एक राजा को उपहार में किसी ने बाज के दो बच्चे भेंट किये । वे बड़ी ही अच्छी नस्ल के थे , और राजा ने कभी इससे पहले इतने शानदार बाज नहीं देखे थे। राजा ने उनकी देखभाल के लिए एक अनुभवी आदमी को नियुक्त कर दिया। जब कुछ महीने बीत गए तो राजा ने बाजों को देखने का मन बनाया , और उस जगह पहुँच गए जहाँ उन्हें पाला जा रहा था। राजा ने देखा कि दोनों बाज काफी बड़े हो चुके थे और अब पहले से भी शानदार लग रहे थे । राजा ने बाजों की देखभाल कर रहे आदमी से कहा, " मैं इनकी उड़ान देखना चाहता हूँ , तुम इन्हे उड़ने का इशारा करो । " आदमी ने ऐसा ही किया। इशारा मिलते ही दोनों बाज उड़ान भरने लगे , पर जहाँ एक बाज आसमान की ऊंचाइयों को छू रहा था , वहीं दूसरा , कुछ ऊपर जाकर वापस उसी डाल पर आकर बैठ गया जिससे वो उड़ा था। ये देख , राजा को कुछ अजीब लगा. "क्या बात है जहाँ एक बाज इतनी अच्छी उड़ान भर रहा है वहीं ये दूसरा बाज उड़ना ही नहीं चाह रहा ?", राजा ने सवाल किया। " जी हुजूर , इस बाज के साथ शुरू से यही समस्या है , वो इस डाल को छोड़ता ही नहीं।" राजा को दोनों ही बाज प्रिय थे , और वो दुसरे बाज को भी उसी तरह उड़ना देखना चाहते थे। अगले दिन पूरे राज्य में ऐलान करा दिया गया कि जो व्यक्ति इस बाज को ऊँचा उड़ाने में कामयाब होगा उसे ढेरों इनाम दिया जाएगा। फिर क्या था , एक से एक विद्वान् आये और बाज को उड़ाने का प्रयास करने लगे , पर हफ़्तों बीत जाने के बाद भी बाज का वही हाल था, वो थोडा सा उड़ता और वापस डाल पर आकर बैठ जाता। फिर एक दिन कुछ अनोखा हुआ , राजा ने देखा कि उसके दोनों बाज आसमान में उड़ रहे हैं। उन्हें अपनी आँखों पर यकीन नहीं हुआ और उन्होंने तुरंत उस व्यक्ति का पता लगाने को कहा जिसने ये कारनामा कर दिखाया था। वह व्यक्ति एक किसान था। अगले दिन वह दरबार में हाजिर हुआ। उसे इनाम में स्वर्ण मुद्राएं भेंट करने के बाद राजा ने कहा , " मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ , बस तुम इतना बताओ कि जो काम बड़े-बड़े विद्वान् नहीं कर पाये वो तुमने कैसे कर दिखाया। " "मालिक ! मैं तो एक साधारण सा किसान हूँ , मैं ज्ञान की ज्यादा बातें नहीं जानता , मैंने तो बस वो डाल काट दी जिसपर बैठने का बाज आदि हो चुका था, और जब वो डाल ही नहीं रही तो वो भी अपने साथी के साथ ऊपर उड़ने लगा। " दोस्तों, हम सभी ऊँचा उड़ने के लिए ही बने हैं। लेकिन कई बार हम जो कर रहे होते है उसके इतने आदि हो जाते हैं कि अपनी ऊँची उड़ान भरने की , कुछ बड़ा करने की काबिलियत को भूल जाते हैं। यदि आप भी सालों से किसी ऐसे ही काम में लगे हैं जो आपके सही potential के मुताबिक नहीं है तो एक बार ज़रूर सोचिये कि कहीं आपको भी उस डाल को काटने की ज़रुरत तो नहीं जिसपर आप बैठे हुए हैं ?

शख्सियत | मेजर ध्यानचंद

# पद्मभूषण से सम्मानित हॉकी के जादूगर



हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया। ध्यानचंद अभूतपूर्व प्रतिभा के धनी थे। उनके खेल के दौरान भारत ने ओलम्पिक में तीन गोल्ड मैडल जीते थे। ये गोल्ड मैडल 1928, 1932 और 1936 में जीते गए। 1956 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।

ध्यानचंद का जन्म उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद शहर में हुआ था। इनके पिता का नाम समेश्वर सिंह था जो आर्मी में थे। ध्यानचंद के छोटे भाई हाकी के खिलाड़ी थे। ध्यानचंद का परिवार झांसी में बस गया था। ध्यानचंद को अपने बचपन के दिनों में पहलवानी पसंद थी। 16 साल की उम्र में वह आर्मी में भर्ती हो गए। उस समय ध्यानचंद केवल आर्मी हॉकी और रेजिमेंट गेम्स खेलते थे। ध्यानचंद ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं थे, उन्होंने केवल छठवीं तक पढ़ाई की थी। इसके पीछे कारण यह था कि उनके पिता का हमेशा तबादला होता रहता था, जिसके कारण उन्हें स्थायी रूप से पढ़ने का मौका नहीं मिला। ध्यानचंद का पहला विदेशी दौरा 1926 में हुआ था जब हॉकी टीम मैच खेलने न्यूजीलैंड जा रही थी। वह सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार पद्मभूषण से ध्यानचंद को 1956 में सम्मानित किया गया। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है। यहां तक कि ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर अर्जुन तथा द्रौणाचार्य पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। भारतीय ओलम्पिक संघ ने ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी कहा है। ध्यानचंद की याद में डाक टिकट जारी किया गया था। उनके सम्मान में दिल्ली में ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम का निर्माण भी कराया गया था। दुनिया में क्रिकेट के लिए मशहूर ब्रैडमैन भी ध्यानचंद की प्रशंसा करते थे।

उन्होंने 1948 में संन्यास ग्रहण कर लिया। ध्यानचंद के आखिरी दिन अच्छे नहीं थे। वे अंत में पैसों की परेशानी से जूझ रहे थे। उसके 1979 में कैंसर जैसी बड़ी बीमारी से जूझते हुए उनकी मौत हो गयी।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सोलह संस्कारों का महत्व

(भाग 2)

लग्न शुद्धिः लग्न से बारहवें शनि, दसवें मंगल, तीसरे शुक्र, लग्न में चंद्रमा और क्रूर ग्रह अच्छे नहीं होते हैं। लग्नेश, शुक्र और चन्द्रमा छठे और आठवें में शुभ नहीं होते। लग्नेश और सौम्य ग्रह आठवें में अच्छे नहीं होते हैं तथा सातवें में कोई भी ग्रह शुभ नहीं होता है।

ग्रहों का बलः प्रथम, चौथे, पांचवें, नावें और दसवें स्थान में स्थित बृहस्पति सभी दोषों को नष्ट करते हैं। सूर्य ग्यारहवें स्थान में स्थित तथा चंद्रमा वर्गोत्तम लग्न में स्थित नवांश दोषों को नष्ट करता है। बुध या शुक्र या गुरु लग्न, चौथे, पांचवें, नवें और दसवें स्थान में स्थित हो तो सभी दोषों को दूर करते हैं। लग्न का स्वामी अथवा नवांश का स्वामी यदि लग्न, चौथे, दसवें या ग्यारहवें स्थान में हों तो अनेक दोषों को भस्म कर डालते हैं।अच्छे



ज्योतिषियों को इन सभी विषयों पर भलीभांति विचार करके ही आगे बढ़ना चाहिए ताकि आगे वैवाहिक जीवन में शुभता बनी रहे।

मंगलदोष और दो विवाह की स्थिति वर्तमान परिवेश में आर्थिक स्थिति सहनशीलता की कमी आदि से भी वैवाहिक सम्बन्ध कमजोर होते जा रहे हैं। इससे वर-वधू के परिवारों के बीच भी विवाद उत्पन्न हो जाता है। सामाजिक रूप से फिर कई बार अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, फिर दुःख दर्द का दौर लम्बे समय तक दोनों परिवारों को प्रभावित करता है। अगर ज्योतिषीय दृष्टि से देखें तो कुंडलियों का सही मिलान नहीं होना, नाड़ी दोष होना, स्त्री या पुरुष की जन्मकुंडली के सप्तम स्थान में दूषित ग्रहों का होना, सप्तम भाव में ग्रहण दोष होना जैसे अनेक कारण हो सकते हैं। इसलिए विवाह सम्बन्ध के हर पक्ष को शुरू से शास्त्रीय आधार को ध्यान में रखते हैं तो विवाह के टूटने की सम्भावना कम हो जाती है। कुछ अन्य पहलुओं पर विचार करते हैं:


मंगलदोष विचारः यदि किसी की कुंडली में लग्नचतुर्थ, सप्तम,अथवा अष्टम या द्वादश मंगल विद्यमान हो तो मांगलिक दोष माना जाता है। इसलिए कहा जाता है कि ऐसे जातक का विवाह मांगलिक व्यक्ति से ही करना चाहिए। मंगल दोष का वृहत्तर परिहार भी चलन में है और माना जाता है कि यदि किसी के मंगल दोष का समुचित परिहार कर दिया गया है तो ऐसे जातक का विवाह गैर मांगलिक से भी संपन्न हो सकता है। लेकिन व्यवहार में देखने में आता है कि मंगल दोष का परिहार करने के बावजूद भी वैवाहिक जीवन में समस्याएं आती रहती हैं।**(क्रमशः)**



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# छात्रों के लिए बेस्ट ऑनलाइन नौकरियां, सीखने के साथ कमाएं



**ए स्कूल और पैसे कमाने के बीच संतुलन बनाना मुश्किल हो सकता है, लेकिन ऑनलाइन जॉब्स छात्रों के लिए इसे आसान बनाती हैं। कल्पना कीजिए कि आप अपने घर से काम करें, अपने घंटे चुनें और अतिरिक्त पैसे कमाएं —ये सब पढ़ाई के साथ-साथ! चाहे आपको लिखना, पढ़ाना या सोशल मीडिया पसंद हो, आपके लिए हर जगह जॉब मौजूद है। आइए कुछ आसान और रोमांचक ऑनलाइन जॉब्स के बारे में जानें जो आपको अनुभव हासिल करने और पैसे कमाने में मदद कर सकती हैं।**

### 1. फ्रीलांस राइटिंग

अगर आपको लिखना पसंद है, तो फ्रीलांस राइटिंग पैसे कमाने का एक शानदार तरीका हो सकता है। कई कंपनियों और वेबसाइटों को लेख, ब्लॉग और अन्य लिखित सामग्री बनाने के लिए कंटेंट राइटर की आवश्यकता होती है। आप अपने शेड्यूल के अनुसार काम कर सकते हैं और अपनी रुचि के विषय चुन सकते हैं।

### 2. ऑनलाइन ट्यूशन

अगर आप किसी खास विषय में अच्छे हैं, तो आप ऑनलाइन ट्यूटर बनकर दूसरों की मदद कर सकते हैं। Vedantu और Tutor.com जैसे प्लेटफ़ॉर्म छात्रों को ट्यूटर से जोड़ते हैं। आप गणित, विज्ञान या यहाँ तक कि भाषा जैसे विषय पढ़ा सकते हैं, जिससे छात्रों को पैसे कमाने के साथ-साथ अपने कौशल को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

### 3. डेटा एंट्री

डेटा एंट्री सबसे सरल ऑनलाइन जॉब्स में से एक है। इसमें कंप्यूटर सिस्टम में जानकारी टाइप करना शामिल है। हालाँकि यह दोहराव वाला हो सकता है, लेकिन यह विशेष कौशल या अनुभव की आवश्यकता के बिना पैसे कमाने का एक आसान तरीका है।

### 4. ग्राफिक डिज़ाइन

अगर आपके पास क्रिएटिव माइंड है और आप फ़ोटोशॉप या कैनवा जैसे डिज़ाइन सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना जानते हैं, तो आप ग्राफ़िक डिज़ाइनर के तौर पर अपनी सेवाएं दे सकते हैं। कंपनियों को लोगो, पोस्टर और सोशल मीडिया ग्राफ़िक्स की जरूरत होती है और वे अक्सर उन्हें बनाने के लिए फ्रीलांसरों को काम पर रखते हैं।

### 5. सोशल मीडिया मैनेजमेंट

कई व्यवसायों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट को मैनेज करने में मदद की जरूरत होती है। अगर आप Instagram, Facebook और Twitter जैसे प्लैटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करना जानते हैं, तो आप सोशल मीडिया मैनेजर बन सकते हैं। इस जॉब में पोस्ट बनाना, कमेंट का जवाब देना और व्यवसाय की ऑनलाइन मौजूदगी बढ़ाना शामिल है।

### 6. ट्रांसक्रिप्शन

ट्रांसक्रिप्शन में ऑडियो रिकॉर्डिंग सुनना और उन्हें टाइप करना शामिल है। यह एक ऐसा काम है जिसके लिए सुनने और टाइप करने का अच्छा हुनर होना जरूरी है। कई कंपनियां ट्रांसक्रिप्शन का काम देती हैं जिसे आप घर से ही कर सकते हैं।

### 7. वर्चुअल असिस्टेंट

वर्चुअल असिस्टेंट व्यवसायों को अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने, ईमेल मैनेज करने और फ़ाइलों को व्यवस्थित करने जैसे कई कामों में मदद करता है। अगर आप व्यवस्थित हैं और मल्टीटास्किंग में अच्छे हैं, तो यह जॉब आपके लिए सही हो सकती है।

### 8. ऑनलाइन सर्वे

कई कंपनियां जानना चाहती हैं कि उपभोक्ता उनके उत्पादों के बारे में क्या सोचते हैं। वे लोगों को ऑनलाइन सर्वेक्षण करने के लिए भुगतान करते हैं। हालांकि यह ज्यादा भुगतान नहीं कर सकता है, लेकिन यह आपके खाली समय में कुछ अतिरिक्त पैसे कमाने का एक आसान तरीका है।

### 9. एफिलिएट मार्केटिंग

एफिलिएट मार्केटिंग में ऑनलाइन उत्पादों या सेवाओं का प्रचार करना और आपके लिंक के ज़रिए की गई हर बिक्री के लिए कमीशन कमाना शामिल है। अगर आपके पास ब्लॉग या सोशल मीडिया फ़ॉलोइंग है, तो आप पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 10. YouTube चैनल

अगर आपको वीडियो बनाने में मज़ा आता है, तो YouTube चैनल शुरू करना पैसे कमाने का एक मजेदार तरीका हो सकता है। आप अपने पसंदीदा विषयों जैसे गेमिंग, कुकिंग या ब्यूटी टिप्स पर वीडियो बना सकते हैं। एक बार जब आपका चैनल बढ़ जाता है, तो आप विज्ञापनों और प्रयोजनों के ज़रिए पैसे कमा सकते हैं।

### 11. Instagram पर कंटेंट क्रिएशन

Instagram सिर्फ़ दोस्तों के साथ फ़ोटो शेयर करने के लिए नहीं है; यह एक ऐसा प्लैटफ़ॉर्म भी है जहाँ आप पैसे कमा सकते हैं। अगर आपके पास फ़ोटोग्राफ़ी या फैशन जैसी कोई क्रिएटिव प्रतिभा है, तो आप Instagram पर फ़ॉलोइंग बना सकते हैं और ब्रांड के साथ सहयोग कर सकते हैं।

### 12. ब्लॉगिंग

ब्लॉगिंग आपको उन विषयों के बारे में लिखने की अनुमति देता है, जिनके बारे में आप भावुक हैं, जैसे यात्रा, भोजन या तकनीक। एक बार जब आपके ब्लॉग पर पाठक आ जाते हैं, तो आप विज्ञापनों, प्रायोजित पोस्ट और सहबद्ध विपणन के माध्यम से पैसे कमा सकते हैं।

### 13. ऑनलाइन रीसेलिंग

अगर आपको खरीदारी करना पसंद है, तो आप ऑनलाइन उत्पादों को रीसेल करके इसे व्यवसाय में बदल सकते हैं। आप कम कीमत पर आइटम खरीद सकते हैं और उन्हें Amazon, Flipkart या Instagram जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर मुनाफ़े पर बेच सकते हैं।

### 14. अनुवाद

अगर आप एक से ज़्यादा भाषाओं में पारंगत हैं, तो आप अनुवादक के तौर पर काम कर सकते हैं। कई कंपनियों को एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवादित दस्तावेज़ों, वेबसाइटों और अन्य सामग्रियों की जरूरत होती है।

### 15. फ्रीलांस कोडिंग

अगर आप कोडिंग करना जानते हैं, तो फ्रीलांस कोडिंग एक उच्च-भुगतान वाली नौकरी हो सकती है। कई व्यवसायों को वेबसाइट और ऐप बनाने या बनाए रखने की ज़रूरत होती है, और वे कुशल कोडर्स को भुगतान करने के लिए तैयार रहते हैं।

**नीलम रामअवध**

# एम्स नागपुर में सीनियर रेजिडेंट के पदों पर निकली भर्ती

## एज लिमिट 45 साल, सैलरी 67 हजार से ज्यादा

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नागपुर (AIIMS Nagpur) में सीनियर रेजिडेंट के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट aiimsnagpur.edu.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।



### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

संबंधित विषय में मेडिकल की पीजी डिग्री।

### फीस

जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन) : 500 रुपए

एससी, एसटी : 250 रुपए

### सिलेक्शन प्रोसेस

इंटरव्यू बेसिस पर

### आयु सीमा

अधिकतम 45 साल।

### सैलरी

लेवल 11 के अनुसार 67,700 रुपए प्रतिमाह।

### ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन :

ऑफिशियल वेबसाइट aiimsnagpur.edu.in पर जाएं।

'आवेदन करें' विकल्प पर क्लिक करें।

आपके सामने एक फॉर्म खुलेगा। इसमें जरूरी डॉक्यूमेंट्स, फोटो और सिग्नेचर अपलोड करें।

फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट करें।

इसका एक प्रिंट निकालकर रखें।

### इंटरव्यू का पता :

उम्मीदवारों के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन 11 सितंबर 2024 को 'प्रशासनिक ब्लॉक, एम्स परिसर, मिहान, नागपुर-441108' में किया जायेगा।

# IIIT इलाहाबाद में फैकल्टी के 147 पदों पर निकली भर्ती

## सैलरी 2 लाख से ज्यादा, एससी, एसटी के लिए नि:शुल्क

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IIIT), इलाहाबाद में फैकल्टी के पदों पर भर्ती निकली है। इस भर्ती के अंतर्गत प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पद भरे जाएंगे। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट apply.iiita.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 19 सितंबर है। वहीं एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 18 सितंबर और प्रोफेसर के लिए 17 सितंबर लास्ट डेट तय की गई है।



### वैकेंसी डिटेल्स

असिस्टेंट प्रोफेसरः 47 पद

एसोसिएट प्रोफेसर : 44 पद

प्रोफेसर : 56 पद

कुल पदों की संख्या : 147

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

### असिस्टेंट प्रोफेसर :

**लेवल 10 :** पीएचडी पास

**लेवल 11 :** 1 वर्ष के एक्सपीरियंस के साथ पीएचडी।

**लेवल 12 :** 3 साल के एक्सपीरियंस के साथ पीएचडी।

### एसोसिएट प्रोफेसर

6-9 साल का डॉक्टरेट एक्सपीरियंस

### प्रोफेसर

पीएचडी के बाद 10 साल या 13 साल का एक्सपीरियंस

**IIIT इलाहाबाद में भर्ती**

| पद | नंबर ऑफ पोस्ट |
|---|---|
| प्रोफेसर सहित अन्य | 147 |

| आवेदन शुरू | लास्ट डेट |
|---|---|
| 22 अगस्त 2024 | 17 - 19 सितंबर 2024 |

**फीस**
1180 रुपए

### सिलेक्शन प्रोसेस

इंटरव्यू के बेसिस पर।

### सैलरी

पद के अनुसार 1 लाख 39 हजार 600 - 2 लाख 20 हजार 200 रुपए प्रतिमाह।

### आयु सीमा

**न्यूनतम :** 18 साल

**अधिकतम :** कोई आयु सीमा नहीं

### फीस

सामान्य,अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन): 1180 रुपए

एससी, एसटी, विकलांग : नि:शुल्क

### ऐसे करें आवेदन

ऑफिशियल वेबसाइट apply.iiita.ac.in पर जाएं।

मांगी गई जरूरी डिटेल्स दर्ज करें।

डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।

फॉर्म पूरा भरकर इसकी हार्ड कॉपी इस पते पर भेजें : संयुक्त रजिस्ट्रार (स्थापना), भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, देवघाट, झलवा, प्रयागराज-211015 (यूपी), भारत

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा।

**वृष** दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है।

**कर्क** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें।

**सिंह** परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रशंसा प्राप्त होगी।

**कन्या** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा।

**तुला** किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजन हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु** बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है।

**मकर** बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कुंभ** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

# सोमवार के दिन श्रृंगी से करें शिवलिंग का जलाभिषेक

सोमवार के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक, रुद्राभिषेक आदि कई प्रकार से अभिषेक करते हैं इसमें जलाभिषेक सबसे महत्वपूर्ण होता है। लेकिन जलाभिषेक यदि श्रृंगी से किया जाए तो यह बहुत ही शुभ होता है।

### क्या होती है श्रृंगी?

गाय के सिंग के आकार की पीतल की धातु से बना एक जल पात्र जिसे बजा भी सकते हैं। भगवान शिव के कमर में यह बंधा रहता है। इस पात्र को उनके गण नंदी ने उन्हें भेंट किया था। इसलिए यह पात्र उन्हें अत्यधिक प्रिय है।

### श्रृंगी से जलाभिषेक कैसे करें?

1. शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए तांबे, चांदी या पीतल के पात्र या लोटे का उपयोग करते हैं लेकिन श्रृंगी का उपयोग करेंगे तो इससे शिवजी अत्यंत प्रसन्न होंगे।

2. श्रृंगी में पहले कुछ बूंद गंगाजल डालने के बाद मात्र शुद्ध और पवित्र जल से अभिषेक करने पर शारीरिक एवं मानसिक ताप मिटते हैं। इससे वर्षा भी होती है।

3. श्रृंगी में गंगा जल से अभिषेक करने से ज्वर ठीक हो जाता है। ज्वर की शांति हेतु शीतल जल/गंगाजल से रुद्राभिषेक करें।



4. तीर्थ जल से अभिषेक करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।

5. कुशा जल से अभिषेक करने पर रोग व दुःख से छुटकारा मिलता है।

6. श्रृंगी में सबसे पहले गंगाजल डालें और अभिषेक शुरू करें फिर उसी से गन्ने का रस, शहद, दही, दूध अर्थात पंचामृत समेत जितने भी तरल पदार्थ हैं, उनसे शिवलिंग का अभिषेक कर सकते हैं।

7. शिवलिंग पर चल अर्पित करने समय आपका मुंह उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए पूर्व दिशा की ओर नहीं। पूर्व दिशा शिव का मुख्य द्वार माना जाता है।

8. शिवलिंग पर धीरे धीरे जल अर्पित करना चाहिए क्योंकि शिवजी को धरांजली पसंद है। एक छोटी धारा के रूप में जल चढ़ाया जाना चाहिए।

9. शिवजी को दूध अर्पित करने के लिए तांबे के बर्तन का उपयोग नहीं पीतल के बर्तन का उपयोग करना चाहिए।

10. हमेशा बैठकर ही शिवलिंग पर जल अर्पित करना चाहिए। खड़े होकर नहीं।

11. शिवलिंग पर जल अर्पित करते समय 'ऊं नमः शिवाय' पंचाक्षरी मंत्र का जाप करते रहें।

12. शिवलिंग पर जल हमेशा दाएं हाथ से ही चढ़ाएं और बाएं हाथ को दाएं हाथ से स्पर्श करें।

13. शिवलिंग पर कभी भी शंख से जल न चढ़ाएं।

14. शिवलिंग पर जल कभी भी एक हाथ से अर्पित न करें।

15. जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग की बिल्वपत्र रखें।

16. बिल्वपत्र रखने के बाद ही शिवलिंग की अधूरी परिक्रमा करें।



प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक आज, होंगे अहम फैसले

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक आज होगी। बैठक शाम 4 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले हो रही इस कैबिनेट में कई अहम फैसलों पर मुहर लग सकती है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने बुधवार को बैठक की जानकारी दी।

### सूझबूझ और तत्परता ने बचाई अनुज की जान

**जयपुर।** कमिश्नरेट पुलिस ने नाहरगढ़ के जंगल से अपहृत हुए एक युवक को हिमाचल प्रदेश से सकुशल मुक्त करवाया है। अपहरणकर्ता गैंग 18 अगस्त को युवक को नींद की गोलियां खिलाकर व नशीला इंजेक्शन लगाकर हिमाचल प्रदेश ले गई थी। वहीं उसके दोस्त से मारपीट कर पैर बांधकर जंगल में पटक गई थी। अपहरण के 24 घंटे बाद आरोपियों ने पीड़ित के ऑटो चालक पिता को फोन कर 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि प्रकरण में मास्टर माइंड सॉफ्टवेयर इंजीनियर व उसकी प्रेमिका सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। इस पूरे मामले में अपहृत युवक अनुज के परिजन की सूझबूझ और पुलिस की तत्परता अहम रही।

### भारत-पाक बार्डर पर पहुंचे राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

**बीकानेर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े इन दिनों दो दिन के लिए बीकानेर के दौरे पर है। इस दौरान राज्यपाल ने बीकानेर में भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित बीएसएफ की सांचू पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ के जवान सीमा प्रहरी के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं। जवानों के राष्ट्र के प्रति प्रेम और देश की सीमाओं पर मुस्तैदी से तैनात रहने के हौसले को प्रणाम करता हूं। राज्यपाल बागड़े ने सीमांत क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और सीमांत क्षेत्र में आसूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि सीमांत क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सभी आधारभूत सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्र में रहने वाले लोगों के मन में देश के प्रति सम्मान के भाव जगाएं। राज्यपाल ने सांचू चौकी में सांचू माता मंदिर के दर्शन किए। यहां के म्यूजियम में आमजन के अवलोकनार्थ रखे गए हथियार और विभिन्न तस्वीरों को देखा और कहा कि आमजन तक सीमा सुरक्षा बल के स्वर्णिम इतिहास और गौरवमयी वर्तमान को पहुंचाने की दृष्टि से यह म्यूजियम बेहद उपयोगी है।

# आचार संहिता उल्लंघन में आजम खान को बड़ी राहत

## एमपी-एमएलए कोर्ट ने सपा नेता को किया दोषमुक्त

**एजेंसी । रामपुर**

धोखाधड़ी समेत कई मामलों में सजा काट रहे सपा नेता और पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां को बड़ी राहत मिली है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने 2019 में दर्ज हुए आचार संहिता उल्लंघन केस में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आजम खान को दोषमुक्त कर दिया है। आजम खान पर तत्कालीन एसडीएम ने गंज कोतवाली में आचार संहिता के उल्लंघन की एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में आजम पर जबरन मतदान केंद्र में कार ले जाने समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। बतादें कि आजम पर दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के मामले रामपुर की विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में सुनवाई चल रही थी। पिछली तारीख पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए आजम को दोषमुक्त कर दिया।

### तत्कालीन एसडीएम ने दर्ज कराया था आजम पर केस



सपा के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के प्रत्याशी थे। तत्कालीन एसडीएम पीपी तिवारी ने 24 अप्रैल 2019 में उनके खिलाफ गंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि आजम खां आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए जबरन अपनी कार राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र के अंदर लेकर गए। बाद में विवेचना पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। पिछली तारीख पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है और पत्रावली निर्णय पर लगा दी गई थी। जिस पर बुधवार को कोर्ट ने फैसला सुना दिया।

# चार साल की मासूम से दरिंदगी

**एजेंसी । वाराणसी**

अयोध्या में चार साल की बच्ची से रेप की वारदात के बाद अब काशी में भी मासूम से दरिंदगी की गई है। वाराणसी के चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित ननिहाल में आई चार साल की बच्ची को उसके नाना के भाई ने ही हवस का शिकार बनाया है। बच्ची की मां की तहरीर पर चोलापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इससे पहले सोमवार को अयोध्या में चार साल की बच्ची से रेप की वारदात हुई थी। पुलिस ने आरोपी को अगले ही दिन एक मुठभेड़ में गोली मारने के बाद गिरफ्तार कर लिया था। चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को बच्ची अपनी मां के साथ ननिहाल आईं थी। बताया जाता है कि बच्ची की मां अपने इलाज के लिए वाराणसी शहर गई हुई थी। इसी दौरान मौका पाकर पड़ोस में रहने वाला रिश्ते में नाना का भाई लगने वाला युवक ने बच्ची को बहलाफुसला कर उसके साथ रेप किया।

# मदरसे में चल रही थी नकली नोट छापने की फैक्टरी

- मौलवी समेत चार गिरफ्तार
- डेढ़ लाख नकली नोट बरामद



**एजेंसी । प्रयागराज**

शहर के अतरसुइया इलाके के एक मदरसे में नकली नोट छापने की फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ हुआ है। यह खेल मौलवी की देखरेख में चल रहा था। पुलिस ने मौलवी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर डेढ़ लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। बुधवार को आरोपियों को पुलिस ने मीडिया के सामने पेश किया। बताया जा रहा है कि यह धंधा काफी दिनों से चल रहा था। यहां से नकली नोट छापकर कई स्थानों पर सप्लाई किए जा रहे थे।

### मूल रूप से उड़ीसा का रहने वाला है गिरोह का सरगना

अतरसुइया इलाके में स्थित मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिद ए आजम में नकली नोट छापने की फैक्टरी चल रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा तो खलबली मच गई। पुलिस ने मौके से डेढ़ लाख रुपये नकली नोट बरामद करते हुए मौलवी मोहम्मद तफ्सीरुल समेत उसके गिरोह के सदस्य मोहम्मद अफजल, मोहम्मद शाहिद और आफरीन को गिरफ्तार कर लिया। मौलवी तफ्सीरुल मूल रूप से उड़ीसा का रहने वाला है। गिरोह का सरगना जहीर खान भी उड़ीसा में मौलवी के ही गांव का रहने वाला है।

# जमशेदपुर-पुरुलिया-आसनसोल समेत तीन रेल परियोजनाओं को मंजूरी

**एजेंसी । रांची**



केंद्रीय कैबिनेट ने झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ को कवर करने वाली 3 रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इनमें जमशेदपुर-पुरुलिया-आसनसोल, हावड़ा-दिल्ली और हावड़ा-मुंबई को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण कॉरिडोर है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज रेलवे के तीन महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंजूरी दी है।

### तीन रेल परियोजनाओं पर खर्च होंगे कितने रुपए?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई अहम निर्णय लिए गए। झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ को पीएम नरेंद्र मोदी ने रेलवे प्रोजेक्ट्स की सौगात दी है। इन रेल परियोजनाओं पर करीब 6456 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

# निषाद पार्टी ने सभी 10 सीटों पर घोषित किए प्रभारी

## तैयारी में जुटने का दिया निर्देश

**एजेंसी । लखनऊ**



यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सभी दल तैयारियों में लगे हुए हैं। बुधवार को भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी ने सभी सीटों के लिए अपने प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। इन सभी सीटों पर विधायकों को प्रभारी बनाया गया है। निषाद पार्टी ने कार्यकर्ताओं को उपचुनाव की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। `निषाद पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में 15 सीटों पर चुनाव लड़ा था जिसमें से 11 पर जीत दर्ज की थी।

# देश के पांच बड़े हवाई अड्डों पर गूंजेगा "ब्रांड यूपी"

## प्रदेश को टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाने को योगी सरकार की पहल

**एजेंसी । लखनऊ**

पर्यटन के लिहाज से उत्तर प्रदेश को देश का लोकप्रिय डेस्टिनेशन बनाने के लिए योगी सरकार ने देश के पांच बड़े हवाई अड्डों पर 'ब्रांड यूपी' के प्रमोशन की तैयारी की है। यूपी को टूरिज्म के लिहाज से देश के मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है। इसके लिये प्रदेश के विभन्नि रेलवे स्टेशंस, बस टर्मिनल्स, एयरपोर्ट्स व मेजर फुटफॉल वाले डेस्टिनेशंस पर पहले से ही उत्तर प्रदेश के टूरिस्ट डेस्टिनेशंस को शोकेस किया ही जा रहा है, मगर अब इसे देश के अन्य बड़े एयरपोर्ट्स पर भी शोकेस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### एयरपोर्ट्स पर ब्रांड यूपी के प्रमोशन की तैयारी



शुरुआत में अभी देश के पांच बड़े एयरपोर्ट्स पर ब्रांड यूपी के प्रमोशन की तैयारी की गई है जिसे आगे अन्य एयरपोर्ट्स पर भी सुविधा अनुसार बढ़ाया जा सकता है। योजना के अंतर्गत दिल्ली व मुंबई के इंटरनेशनल व डोमेस्टिक टर्मिनल्स के अराइवल व डिपार्चर सेक्शन समेत एयरपोर्ट के विभिन्न चिह्नित क्षेत्रों में बड़े डिप्ले बोर्ड्स के माध्यम से ब्रांड यूपी को प्रमोट किया जाएगा। यहां उत्तर प्रदेश के विभिन्न टूरिस्ट डेस्टिनेशंस और उत्तर प्रदेश के टूरिज्म के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# चंपाई सोरेन नयी दिल्ली से लौटे रांची

## 30 अगस्त को थामेंगे बीजेपी का दामन

**एजेंसी । रांची**



झारखंड के पूर्व सीएम सह मंत्री चंपाई सोरेन नयी दिल्ली से बुधवार को रांची लौटे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। पिछले दिनों उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपना दर्द बयां किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) में उन्हें अपमानित किया गया। इसके कुछ दिनों बाद उन्होंने नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। सरायकेला से छह बार के विधायक चंपाई सोरेन 30 अगस्त को रांची में कमल का दामन थामेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले वे भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर नयी पारी की शुरुआत करेंगे। बुधवार को नयी दिल्ली से रांची लौटने पर उन्होंने कहा कि 30 अगस्त को वे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

# नकाबपोश बदमाशों ने तीन बच्चों को मारी गोली

**एजेंसी । सहरसा**

बिहार के सहरसा जिले के बनमा ईटहरी प्रखंड में पहले से घात लगाए नकाबपोश बदमाशों ने मेला देख कर घर लौट रहे परिवार पर गोली चला दी। जिसमें तीन बच्चे जख्मी हो गए है। घटना स्थल पर गोली की आवाज सुन भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। कुछ देर तक लोग सन्न रह गए कि आखिर गोली किसको लगी है। गोलीबारी की इस घटना में अलग-अलग परिवार के तीन मासूम बच्चे जख्मी हो गये। सभी घायलों का इलाज सहरसा सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की वजह का अब तक पुलिस के द्वारा पता नहीं लगाया गया है। आस-पड़ोस के लोग घटना के संबंध में अलग-अलग तर्क दे रहे हैं।

### चेहल्लुम मेला देखकर घर लौट रहा था परिवार



**सहरसा सदर अस्पताल चल रहा इलाज**

हालांकि पुलिस अनुसंधान के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है। दरअसल पूरा मामला बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के सरबेला गांव का है। जहां बुधवार की देर रात्रि सरबेला गांव में लगे चालिसमा मेला देख कर अलग-अलग परिवार के बच्चे अपने परिजनों संग अपने गांव ईटहरी लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए मकदमपुर गांव के रहने वाले मो रजि के पुत्र सहबाज उर्फ साहेब एंव उनके भाई ने गोली चला दी। जिससे तीन बच्चे जख्मी हो गये। ऐसा प्रतित होता है कि गोली जान मारने की नीयत से चलाई गई थी। लक्ष्य कुछ और था लेकिन मासूम बच्चे इस चपेट में आ गए और तीनों को पांव में ही गोली लगी है। जिससे बच्चे जख्मी होकर गिर पड़े।

## व्यापार जगत

# मजबूती का रिकॉर्ड बनाने के बाद फिसला शेयर बाजार

**एजेंसी । मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को एक बार फिर मजबूती का रिकॉर्ड बना। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। इसी तरह सेंसेक्स भी ऑल टाइम हाई के रिकॉर्ड के काफी करीब पहुंचा लेकिन बाद में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ऊपरी स्तर से गिरावट आ गई। इसके बावजूद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



- मामूली बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी
- बाजार में बढ़त के बावजूद निवेशकों को 25 हजार करोड़ का घाटा

### आईटी, फार्मास्यूटिकल और टेलीकॉम सेक्टर की कंपनियों में खरीदारी

दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, फार्मास्यूटिकल और टेलीकॉम सेक्टर की कंपनियों में खरीदारी होती रही। बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी दबाव नजर आया, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0 .04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0 .12 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

### निवेशकों की संपत्ति में करीब 25 हजार करोड़ रुपए की कमी

ब्रॉडर मार्केट में बने दबाव की वजह से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 25 हजार करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 462 .89 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 463 .14 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 25 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

### बीएसई में 4,056 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,056 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,831 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,133 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 92 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,342 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 944 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,398 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

### बीएसई का सेंसेक्स 81,779.84 अंक के स्तर पर खुला

बीएसई का सेंसेक्स 68 .08 अंक की मामूली बढ़त के साथ 81,779 .84 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक 133 .44 अंक की कमजोरी के साथ 81,578 .32 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 460 अंक से अधिक की रिकवरी करके 327 .50 अंक की मजबूती के साथ 82,039 .26 अंक तक पहुंच गया।

# रिलायंस के वायाकॉम-18 और डिज्नी का होगा मर्जर

**एजेंसी । मुंबई**

कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) ने रिलायंस की सब्सडियरी कंपनी वायाकॉम-18 और डिज्नी के मर्जर को मंजूरी दे दी है। CCI ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इस डील के कन्फर्मेशन की जानकारी दी है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने पोस्ट में लिखा है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, वायाकॉम-18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, डिजिटल-18 मीडिया लिमिटेड, स्टार इंडिया लिमिटेड और स्टार टेलीविजन प्रोडक्शंस लिमिटेड के विलय से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह कुछ वॉलंटरी मोडिफिकेशन के अधीन है। डील की शर्तों के तहत वायकॉम-18 के मीडिया ऑपरेशन का स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (SIPL) के साथ मर्जर किया जाएगा। जॉइंट वेंचर का मूल्य पोस्ट-मनी बेसिस पर 70,350 करोड़ रुपए है, जिसमें रिलायंस अपनी ग्रोथ स्ट्रेटेजी के लिए वेंचर में 11,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

### फरवरी 2024 में हुई थी मर्जर की घोषणा

Disney Viacom 18

**CCI ने ₹70,350 करोड़ की डील को मंजूरी दी**

**रिलायंस इस वेंचर में ₹11,500 करोड़ का करेगी निवेश**

CCI ने यह घोषणा RIL की 47वीं एनुअल जनरल मीटिंग से एक दिन पहले की है। फरवरी 2024 में RIL की सब्सिडियरी कंपनी वायकॉम-18 और डिज्नी की इंडियन यूनिट स्टार इंडिया ने भारत के सबसे बड़े टीवी और डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म में से एक बनाने के लिए अपने बिजनेस के विलय की घोषणा की थी। पिछले कुछ सालों में दोनों कंपनियों ने अपने कुछ स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों पर फ्री में क्रिकेट मैच दिखाकर यूजर्स को आकर्षित किया है। रिलायंस-डिज्नी का लक्ष्य भारत का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट प्लेयर बनाना है, जो सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेजन जैसी कंपनियों से कॉम्पिटीशन करेगा।

# वोडाफोन आइडिया ने टेलिकॉम-डिपार्टमेंट को 700 करोड़ बकाया पेमेंट किया

**एजेंसी । मुंबई**



**कंपनी पर अब ₹4,650 करोड़ कर्ज**

**₹25,000 करोड़ फंड जुटाने की तैयारी**

कर्ज में डूबी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया ने डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकॉम (DoT) को करीब 700 करोड़ रुपए का पेमेंट किया है। कंपनी ने यह पेमेंट अप्रैल-जून के लिए लाइसेंस फीस और स्पेक्ट्रम के बकाया के रूप में किया है। कंपनी के प्रवक्ता ने मीडिया को इस बात की जानकारी दी। VI ने बताया कि फंड की कमी के चलते वोडाफोन-आइडिया बीते 7 से 8 तिमाही से अपने ड्यूज का पूरा भुगतान नहीं कर पा रही थी। हाल ही में जुटाए गए फंड के बाद, टेलिकॉम कंपनी ने अपने सभी तरह के बकाया और वेंडर पेमेंट करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने इक्विटी के जरिए लगभग 24,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं, जिसमें अप्रैल में फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफरिंग (FPO) के माध्यम से जुटाए गए 18,000 करोड़ रुपए शामिल हैं। टेलिकॉम सर्विस प्रोवाइडर के कर्ज में सुधार देखने को मिला है।

# राणा शुगर्स के खिलाफ सेबी का कड़ा एक्शन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राणा शुगर्स के प्रमोटर्स के खिलाफ मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के एक्शन लेने का असर आज स्टॉक मार्केट में कंपनी के शेयरों पर भी साफ-साफ नजर आया। शुरुआती कारोबार में कंपनी के शेयर 14 प्रतिशत तक टूट गए। हालांकि, बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिलने के बाद इस शेयर की चाल में कुछ सुधार जरूर हुआ लेकिन पूरे दिन ये शेयर बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान में ही कारोबार करता रहा। एक दिन पहले ही 27 अगस्त को सेबी ने फंड्स की हेरा-फेरी के आरोप में कंपनी के प्रमोटर्स और कुछ अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की थी। कंपनी के प्रमोटर्स को शेयर मार्केट से 2 साल के लिए बैन कर दिया गया था। इसके साथ ही फंड की हेरा-फेरी के कारण उन पर कुल 63 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

### प्रमोटर्स पर स्टॉक मार्केट में 2 साल का बैन

**सेबी ने प्रमोटर्स और अधिकारियों पर कुल 63 करोड़ का जुर्माना लगाया**



सेबी ने कंपनी के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, प्रमोटर और मैनेजिंग डायरेक्टर इंदर प्रताप सिंह राणा, डायरेक्टर वीर प्रताप राणा, गुरजीत सिंह राणा, करण प्रताप सिंह राणा, राजवंश कौर, प्रीति इंदर सिंह राणा और सुखजिंदर कौर पर किसी भी लिस्टेड कंपनी में डायरेक्टर बनने या प्रबंधन में कोई बड़ा पद लेने पर 2 साल के लिए बैन लगा दिया है। सेबी ने राणा शुगर्स, उसके प्रमोटर्स, ऑफिसर्स और अन्य संबंधित लोगों पर 3 करोड़ रुपये से लेकर 7 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी लगाया है। इस संबंध में सेबी की ओर जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया है कि जांच में इस बात की जानकारी मिली थी कि राणा शुगर्स के प्रमोटर्स और अधिकारियों ने फंड में हेरा-फेरी करने के लिए प्रोहिबिशन ऑफ फ्रॉडलेंट एंड अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिसेज (पीएफयूटीपी) के नियमों का उल्लंघन किया है। इसी वजह से सेबी को इनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का फैसला लेना पड़ा।

*यूएस ओपन : ओस्टापेंको को शिकस्त देकर नाओमी ने दूसरे दौर में बनाई जगह, शीर्ष वरीय स्वियातेक भी जीत के साथ अगले दौर में*

# ओसाका ने ओस्टापेंको को हराया, अल्काराज भी जीते



- सोफिया केनिन ने पूर्व यूएस ओपन विजेता एमा राडुकानू को शिकस्त दी
- नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर ने मैकी मैक्डोनाल्ड को मात दी

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

एक साल पहले अपने मातृत्व अवकाश के दौरान नाओमी ओसाका यूएस ओपन के दौरान यहां नजर आई थीं जब उन्होंने महान तैराक माइकल फेल्प्स के साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर चर्चा में भाग लिया था। उस समय उन्हें पता नहीं था कि वह फिर कोर्ट पर कब उतरेंगी।


### लगातार सेट में जीतीं

*अब एक साल बाद ओसाका ने मंगलवार रात लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम पर 10वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर साल के चौथे ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट यूएस ओपन के अगले दौर में प्रवेश कर लिया। चार साल में पहली बार उन्होंने शीर्ष दस में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है। अब उनका सामना 2023 की फ्रेंच ओपन की उपविजेता कैरोलिना मुचोवा से होगा जिन्होंने अमेरिका की कैटी वोलिनेट्स को 6-3, 7-5 से पराजित किया।*

### दो घंटे में जीतीं इगा

*महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने कैमिला राखिमोवा को 6-4, 7-6 से हराया। हालांकि पोलैंड की इगा लगातार सेट में जीतीं लेकिन इसके लिए उन्हें करीब दो घंटे पसीना बहाना पड़ा। वहीं 11वीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की डेनियेले कोलिंस को हमवतन कैरोलिन डोलेहाइड ने 1-6, 7-5, 6-4 से मात दी। दूसरी ओर, 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सोफिया केनिन ने 2021 यूएस ओपन विजेता एमा राडुकानू को 6-1, 3-6, 6-4 से शिकस्त दी।*

### कार्लोस भी अगले दौर में



*पुरुष वर्ग में चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने ऑर्थर ऐश स्टेडियम पर क्वालीफायर ऑस्ट्रेलिया के लि तू को करीब पौने तीन घंटे में 6-2, 4-6, 6-3, 6-1 से मात दी। वहीं मार्च में दो डोप टेस्ट में नाकाम के मामले में 'क्लीन चिट मिलने के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर ने मैकी मैक्डोनाल्ड को 2-6, 6-2, 6-1, 6-2 से मात दी। यह मुकाबला दो घंटे 24 मिनट तक चला।*

### इवांस ने रिकॉर्ड पांच घंटे 35 मिनट में खाचानोव को हराया

**न्यूयॉर्क।** यूएस ओपन में ग्रेट ब्रिटेन के डैन इवांस और रूस के कारेन खाचानोव के बीच पहले दौर का मैच पांच घंटे 35 मिनट तक चला जो टूर्नामेंट में रिकॉर्ड है। 1970 में टाइब्रेकर की शुरुआत के बाद से यह टूर्नामेंट का सबसे लंबा मैच है। इवांस ने दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव को 6-7, 7-6, 7-6, 4-6, 6-4 से हराया। पांचवें सेट में इवांस 0-4 से पीछे चल रहे थे। लेकिन उसके बाद उन्होंने आश्यर्चजनक रूप से लगातार छह गेम जीतकर ऐतिहासिक मुकाबला अपने नाम किया।

# विंडीज ने किया दक्षिण अफ्रीका का सफाया



**एजेंसी । तारोबा**

वेस्टइंडीज ने लगातार दूसरी बार दक्षिण अफ्रीका का टी-20 में क्लीन स्वीप कर दिया। निकोलस पूरन (35 रन, 13 गेंद) की मदद से वेस्टइंडीज ने मंगलवार देर रात वर्षाबाधित तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 22 गेंद रहते आठ विकेट से पराजित कर सीरीज पर 3-0 से कब्जा किया। बारिश के कारण खेल एक घंटे विलंब से शुरू हुआ। दक्षिण अफ्रीका की पारी के पांचवें ओवर में बारिश फिर शुरू हो गई जिससे मैच प्रति टीम 13 ओवर का कर दिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने उस समय बिना किसी नुकसान के 23 रन बनाए थे जब बारिश शुरू हुई। ट्रिस्टन स्टब्स ने 15 गेंद में 40 रन बनाकर टीम को चार विकेट पर 108 रन तक पहुंचाया। रेयान ने 27 और एडेन मार्कराम ने 20 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज को 116 रन का संशोधित लक्ष्य दिया जो उसने 9.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। शाई होप (42) और शिमरोन हेटमायर (31) ने तीसरे विकेट के लिए अटूट 56 रन जोड़कर टीम को आसान जीत दिलाई।

*20 सितंबर से लीजेंड लीग*

# 40 साल बाद कश्मीर में खेलेंगे दिग्गज क्रिकेटर



**एजेंसी । नई दिल्ली**

शिखर धवन और दिनेश कार्तिक समेत कई दिग्गज 20 सितंबर से शुरू हो रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट के तीसरे सत्र में नजर आएंगे। करीब 40 साल बाद दिग्गज क्रिकेटर श्रीनगर में खेलेंगे। लीग 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगी। इसमें छह टीमें 25 मैच खेलेंगी और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल 16 अक्तूबर को खेला जाएगा।

### आज से खिलाड़ियों की नीलामी

*खिलाड़ियों की नीलामी गुरुवार को होगी। फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में 200 खिलाड़ियों का पूल बनाया गया है। इसका फाइनल श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम पर होगा। एलएलसी के सह संस्थापक रमन रहेजा ने कहा, लीजेंड्स लीग क्रिकेट का अगला सत्र शुरू होने वाला है। हमें खुशी है कि इस बार कश्मीर में भी मैच होंगे। कश्मीर के लोगों के लिए स्टेडियम में लाइव क्रिकेट देखने का यह 40 साल बाद मिला मौका होगा। आयोजकों ने कहा कि पिछले सत्र में लीग को भारत में 18 करोड़ लोगों ने देखा। पिछली बार इसमें सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला और रॉस टेलर जैसे दिग्गजों ने भाग लिया था।*

### इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से खेल निष्पक्ष हुआ : अश्विन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल को निष्पक्ष बनाया है और इससे रणनीति का महत्व बढ़ा है। अश्विन ने भारत के पूर्व कप्तान कृष्णामाचारी श्रीकांत के तमिल यूट्यूब शो में कहा, मुझे लगता है कि यह नियम उतना बुरा नहीं है क्योंकि इससे रणनीति का महत्व बढता है।

#### पिछले साल लागू

*यह नियम आईपीएल 2023 से लागू किया गया था जिसमें सभी टीमें अपनी पारी के दौरान एक खिलाड़ी (बल्लेबाज या गेंदबाज) को सब्स्टीट्यूट कर सकती हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने इस नियम की आलोचना की है क्योंकि उनका मानना है कि इससे हरफनमौलाओं का विकास रुकेगा तथा गेंद और बल्ले के बीच संतुलन भी नहीं रहेगा।*

**मुंबई के मैदानों से**

# सेंट स्टॉनिसलास को लगातार दूसरा खिताब




**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

सेंट स्टॉनिसलास हॉय स्कूल, बांद्रा ने फाइनल में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी डॉन बॉस्को हॉय स्कूल, मांटुगा को हराते हुए सेंट पीटर्स हॉकी प्रतियोगिता बॉयज अंडर-16 वर्ग के खिताब पर कब्जा कर लिया। अपने ही मैदान पर खेलती हुई सेंट स्टॉनिसलास हॉय स्कूल की टीम निर्धारित समय स्कोर 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद टॉई ब्रेक में मुकाबले को 5-3 से जीत लिया। सेंट स्टॉनिसलास हॉय स्कूल की ओर से रेयान डिसूजा ने दो तथा मार्क डिमेलो, एथन डिसूजा और स्कॉय डिकोस्टा ने एक-एक गोल पर सही निशाने लगाए, जबकि डॉन बॉस्को हॉय स्कूल के लिए अर्णव खोत ने दो तथा सुफियान तलवार और अर्णव फणसे ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा सी व्यू स्पोर्ट्स क्लब और डुरुलो कान्वेन्ट के बीच जूनियर महिलाओं का फाइनल खेला गया, जिसमें माधवी पाटिल और एस गुरलीन द्वारा किए गए गोल के दम पर सी व्यू स्पोर्ट्स क्लब की टीम 2-0 से विजयी रही।




### मलान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**एजेंसी । लंदन**

इंग्लैंड के लिए सभी प्रारूपों में शतक जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज डेविड मलान ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। मलान के अलावा जोस बटलर ने ही तीनों प्रारूपों में सैकड़े जमाए हैं। दुनिया के पूर्व नंबर एक टी-20 बल्लेबाज मलान ने 'द टाइम्स ऑफ लंदन' से कहा, मैंने तीनों प्रारूपों को काफी संजीदगी से लिया लेकिन टेस्ट क्रिकेट में काफी मेहनत चाहिए। पांच दिन और तैयारी के दिन अलग। यह मानसिक रूप से काफी थकाऊ है। उन्होंने 22 टेस्ट, 30 वनडे और 62 टी-20 में 32 अर्धशतकों और आठ शतकों से कुल 4416 रन बनाए।

## टेस्ट रैंकिंग: कोहली आठवें और यशस्वी सातवें स्थान पर पहुंचे


**एजेंसी । दुबई**



विराट कोहली बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से आठवें जबकि यशस्वी जायसवाल भी एक स्थान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एक स्थान नीचे छठे पायदान खिसक गए हैं। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर में अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक तीन स्थान के फायदे से चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और रोहित को पीछे छोड़ा। बाबर को छह स्थान का नुकसान हुआ है और वह संयुक्त तीसरे से नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। मोहम्मद रिजवान सात स्थान ऊपर संयुक्त 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं।


## जहीर की दो साल बाद आईपीएल में वापसी, लखनऊ के बनेंगे मेंटर

**एजेंसी । कोलकाता**



लखनऊ सुपर जायंट्स भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान को आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले टीम का मेंटर (मार्गदर्शक) बनाने जा रही है। 45 वर्षीय जहीर दो साल बाद आईपीएल में लौटेंगे। वह 2018 से 2022 के बीच पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। गौतम गंभीर के जाने के बाद से लखनऊ टीम में यह पद रिक्त है। गंभीर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़ गए थे जिसने 2024 आईपीएल जीता। अब गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच हैं। जहीर मुंबई में क्रिकेट निदेशक थे और बाद में वैश्विक विकास प्रमुख बने। लखनऊ के पास फिलहाल गेंदबाजी कोच नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के मोर्नी मोर्कल टीम के गेंदबाजी कोच थे जो अब गंभीर के साथ भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल है। जहीर मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली के लिए आईपीएल खेल चुके हैं।

## 'पुष्पा: द रूल' से अल्लू अर्जुन की नई झलक जारी



*अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा : द रूल' इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म साल 2021 में आई 'पुष्पा : द राइज' की दूसरी किस्त है। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। केवल 100 दिन बाद यह फिल्म दर्शकों के बीच आ जाएगी। अब इस बीच 'पुष्पा : द रूल' से अल्लू की नई झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है।*


### इन भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

'पुष्पाः द रूल' के निर्देशन की कमान सुकुमार कर रहे हैं। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। इस फिल्म में फहद फासिल भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। SP भंवर सिंह शेखावत उनकी पहली झलक सामने आ चुकी है। 'पुष्पाः द रूल' हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ बंगाली भाषा में भी रिलीज होगी।

## 'सिंघम अगेन' का क्लाइमेक्स सीन भारतीय सिनेमा का सबसे महंगा

*अजय देवगन को आखिरी बार फिल्म 'मैदान' में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब प्रशंसक अजय की आगामी फिल्म 'सिंघम अगेन' का इंतजार कर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान रोहित शेट्टी ने संभाली है। हाल ही में 'सिंघम अगेन' का क्लाइमेक्स सीन सोशल मीडिया पर लीक हो गया था, जिसमें अजय जबरदस्त एक्शन करते दिखे। अब खबर है कि 'सिंघम अगेन' का क्लाइमेक्स सीन भारतीय सिनेमा का सबसे महंगा दृश्य होगा।*

### 25 करोड़ रुपए में बन रहा क्लाइमेक्स सीन



'सिंघम अगने' को भव्य बनाने के लिए फिल्म के निर्माता पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। फिल्म के क्लाइमेक्स सीन के लिए निर्माताओं ने करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। रिपोर्ट के मुताबुक, 'सिंघम अगेन' के क्लाइमेक्स सीन को 25 करोड़ रुपये की लागत में बनाया जा रहा है। इसी के साथ यह भारतीय सिनेमा का सबसे महंगा क्लाइमेक्स सीन होगा। बता दें कि 'सिंघम अगेन' की लागत 250 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

### 'सिंघम अगेन' से ज्यादा था इन फिल्मों का बजट

*600 करोड़ रुपये के बजट के साथ बनाई गई प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 AD', 300 करोड़ रुपये की लागत से बनी शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' और 550 करोड़ में बनी 'RRR' का क्लाइमैक्स सीन भी इतना महंगा नहीं था।*



## सलमान खान ने 'मेरा ही जलवा' गाने पर किया डांस



अभिनेता सलमान खान का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में सलमान मुंबई में एक कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने अपनी सुपरहिट फिल्म 'वांटेड' के गाने 'मेरा ही जलवा' पर जबरदस्त डांस किया। सलमान के प्रशंसक यह वीडियो देख खुशी से झूम उठे हैं। उनका ये अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है। डांस करने के बाद सलमान ने 'आते जाते जो मिलता' गाना भी गाया।


दिव्यज फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सलमान के साथ सोनू निगम भी पहुंचे थे, जहां दोनों ने पर्यावरण के अनुकूल गणेश चतुर्थी उत्सव को बढ़ावा दिया। बता दें फिल्म 'वॉन्टेड' (2009) को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। 35 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस 128.23 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म में सलमान के साथ प्रकाश राज, आयशा टाकिया, महेश मांजरेकर और विनोद खन्ना जैसे सितारों ने अभिनय किया था।

## दक्षिण कोरिया के सिनेमाघरों में रिलीज होगी 'किल'

अभिनेता लक्ष्य लालवानी की पहली फिल्म 'किल' को इसी साल 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म में कोरियोग्राफर और अभिनेता राघव जुयाल विलेन बने हैं। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसे दर्शक नसीब नहीं हुए। इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 24.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब 'किल' दक्षिण कोरिया के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शो 'उड़ने की आशा' के सचिन और साइली ने जन्माष्टमी समारोह में किया धमाकेदार डांस

*तीज और रक्षाबंधन के जश्न के बाद, स्टार प्लस अपने जन्माष्टमी समारोह के साथ दर्शकों को खुश करेगा, जिसका टाइटल है 'हाथी घोड़ा पालकी बर्थडे कन्हैया लाल की।' इस कार्यक्रम में स्टार प्लस के शो के कलाकारों द्वारा कई तरह के एक्ट्स और परफॉर्मेंसेस दी जाएंगी।*



जन्माष्टमी का जश्न बहुत उत्साह से मनाया जाता है। दर्शकों को कई तरह के डांस परफॉरमेंस देखने को मिलेंगे, जिनमें सबसे ज़्यादा उत्सुकता कंवर ढिल्लों (सचिन) और नेहा हरसोरा (साइली) की डांस परफॉरमेंस को लेकर है। दोनों कलाकार 'गो गो गोविंदा' गाने पर एक साथ परफॉर्म करेंगे, जो दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव होगा। हाथी घोड़ा पालकी बर्थडे कन्हैया लाल की 1 सितंबर तक शाम 6.10 बजे स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

## आमिर खान की 'सितारे जमीन पर' की रिलीज टली

आमिर खान को पिछली बार फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब आमिर फिल्म 'सितारे जमीन पर' से दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए वह 2 साल बाद सिल्वर स्क्रीन पर लौट रहे हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज को टाल दिया है।



### करना होगा इंतजार

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर की आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना होगा। यह फिल्म अब अगले साल तक सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। निर्माताओं ने यह फैसला मिलकर लिया है।*

दो बजे दोपहर



न्यूज़ ब्रीफ

### 76 साल की महिला पर आवारा कुत्तों ने हमला किया, मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में वृद्ध महिला की आवारा कुत्तों के हमले में मौत हो गई। घटना बुधवार (28 अगस्त) की सुबह 6.30 बजे दलाहल्ली के एयर फोर्स ईस्ट 7वें रेजिडेंशियल कैंप की है। पुलिस के मुताबिक, 76 साल की राजदुलारी सिन्हा घर के पास ही सुबह की सैर पर निकली थीं। तभी उन पर 10-12 आवारा कुत्तों ने हमला किया। वे बुरी तरह से जख्मी हो गई थीं। अस्पताल ले जाते वक्त राजदुलारी की मौत हो गई। पुलिस केस दर्ज किया गया है।

### आरोपी इंजीनियर की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** जेल में रहते हुए लोकसभा चुनाव जीतने वाले सांसद इंजीनियर राशिद की जमानत याचिका पर दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस पर फैसला 4 सितंबर को सुनाया जाएगा। राशिद पर टेरर फंडिंग का आरोप है। UAPA के तहत उन पर केस दर्ज किया गया था।

### ईडी ने SOL मामले में अटैच की 294 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गुरुग्राम यूनिट का कहना है कि उसने सनस्टार ओवरसीज लिमिटेड मामले में PMLA (मनी लॉन्ड्रिंग प्रिवेंशन एक्ट) 2002 के प्रावधानों के तहत कुल 294.19 करोड़ रुपए की संपत्ति D' की है। इस बात की जानकारी देते हुए जांच एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इन संपत्तियों में जमीन, इमारतें, फ्लैट और बैंक जमा की रसीदें शामिल हैं। कुर्क की गई संपत्तियों में सोनीपत, अमृतसर और गुरुग्राम में 210.6 करोड़ रुपए के बाजार मूल्य वाली 72 एकड़ जमीन और इमारत (कृषि भूमि सहित) शामिल हैं, साथ ही दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में 5000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले 77 करोड़ रुपए मूल्य के दो आवासीय मकान, करनाल में 1.54 करोड़ रुपए की कीमत के चार फ्लैट, 1.27 करोड़ रुपए का बैंक बैलेंस और 3.78 करोड़ रुपए मूल्य की बैंक जमा राशि शामिल है।

### भारत समेत कई देशों में डाउन रहा एक्स

**नई दिल्ली।** माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स की सेवाएं बुधवार सुबह करीब एक घंटे तक डाउन रहीं। भारत समेत कई देशों में यूजर नए ट्वीट नहीं दिखने की शिकायतें करते नजर आए। कई यूजर को ऐप और वेबसाइट इस्तेमाल करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। आउटेज ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, एक्स की सेवाएं सुबह 8:24 से 9:24 तक बाधित रही। भारत, कनाडा, अमेरिका और इंग्लैंड में यह समस्या सबसे ज्यादा देखी गई। भारत में करीब 915 जबकि दुनियाभर में 36,500 शिकायतें दर्ज की गईं।

### हिमंत का बयान सांप्रदायिक जहर घोलने वाला : सिब्बल

**नई दिल्ली।** असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा के 'मियां मुस्लिम' संबंधी बयान को लेकर राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने बुधवार को उनकी आलोचना की। सरमा ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में कहा था कि वे 'मियां मुस्लिमों' को असम में कब्जा नहीं करने देंगे।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा के बंद में पुलिस से झड़पें

## रूपा गांगुली, अग्निमित्रा पॉल समेत कई भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया

- भाजपा नेता की कार पर फायरिंग, बम फेंके
- ममता बोलीं- 16 दिन से CBI जांच जारी, कहां है न्याय

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में 12 घंटे का बंद आहूत करने की कोशिश में भाजपा कार्यकर्ताओं की कई स्थानों पर बुधवार को पुलिस से झड़प हुई। सड़कों और रेल की पटरियों को अवरुद्ध करने के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य रूपा गांगुली और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत कई भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि उत्तर 24 परगना जिले के भाटपारा में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े बदमाशों ने उसके दो कार्यकर्ताओं को गोली मार दी। भाजपा ने एक दिन पहले नबन्ना मार्च में भाग लेने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के विरोध में बुधवार को बंगाल बंद का आह्वान किया जो सुबह छह बजे शुरू हो गया। गांगुली और पॉल को दक्षिण कोलकाता के गरियाहाट इलाके से हिरासत में लिया गया जब वे व्यापारियों से दुकानें बंद करने और लोगों से बंद का समर्थन करने का अनुरोध कर रही थीं। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने अपने गृह जिले पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम में एक विरोध मार्च की अगुवाई की।





### मालदा और अलीपुरद्वार में झड़प

मालदा में एक सड़क अवरुद्ध करने को लेकर तृणमूल तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गयी। पुलिस ने कार्रवाई कर भीड़ को तितर-बितर किया। अलीपुरद्वार में एक मुख्य सड़क को अवरुद्ध करने की कोशिश के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गयी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'दफा एक दाबी एक, मुख्यमंत्रीर पदत्याग (एक ही मांग, मुख्यमंत्री इस्तीफा दें) जैसे नारे लगाए।

### केंद्रीय मंत्री ने जुलूस निकाला

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने बागुईहाटी में एक जुलूस का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्हें रोकने की कोशिश कर रही पुलिस के साथ उनकी बहस हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामबाजार और विप्रो मोड़ में भी प्रदर्शन किया लेकिन पुलिस ने उन्हें सड़कों से हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई की। कोलकाता नगर निगम के पार्षद सजल घोष को बंद को लागू करने की कोशिश के दौरान भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच हाथापाई होने के तुरंत बाद सियालदाह में उनके आवास से हिरासत में ले लिया गया। उपायुक्त (मध्य) इंदिरा मुखर्जी ने कहा कि घोष को उकसावे वाली टिप्पणियां करने के लिए गिरफ्तार किया गया।

### भाजपा समर्थकों ने धरना दिया

सड़कों पर भाजपा समर्थकों के धरना प्रदर्शन के कारण उत्तरी पश्चिम बंगाल के कूचबिहार, अलीपुरद्वार, सिलीगुड़ी और मालदा तथा राज्य के दक्षिणी हिस्से में पुरुलिया, बांकुड़ा और कुछ अन्य स्थानों पर कुछ समय के लिए सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित हुईं।

### सियालदाह दक्षिण सेक्शन पर ज्यादा प्रभावित

पूर्वी रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि बंद के समर्थकों ने राज्य में उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले 49 स्थानों पर रेल की पटरियां अवरुद्ध कर दीं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर स्थानों पर अवरोध हटा दिया गया लेकिन नौ स्टेशन पर अवरोध जारी है जिनमें से ज्यादातर स्टेशन सियालदाह दक्षिण सेक्शन पर हैं।

### बैरकपुर में भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ता सामने आए

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंद के समर्थन में उत्तर 24 परगना के बनगांव स्टेशन, दक्षिण 24 परगना के गोचरण स्टेशन और मुर्शिदाबाद स्टेशन पर प्रदर्शन किया। उत्तर 24 परगना के बैरकपुर स्टेशन पर उस समय तनाव व्याप्त हो गया, जब भाजपा समर्थक और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए।

### भाजपा ने टीएमसी पर फायरिंग का आरोप लगाया

उत्तर 24 परगना जिले के भाटपारा में झड़पों के बाद सिर में गोली लगने से दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। भाजपा नेता प्रियांगु पांडे ने आरोप लगाया कि भाटपारा में तृणमूल से जुड़े लोगों ने उनकी कार पर हमला किया और गोलीबारी की। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी कार पर सात से आठ बम फेंके गए और फिर 6-7 राउंड फायरिंग की गई। यह तृणमूल कांग्रेस और पुलिस की संयुक्त साजिश है। उन्होंने मेरी हत्या की योजना बनाई। मेरी सुरक्षा वापस ले ली गई और फिर यह घटना हुई। भाजपा नेता ने बताया कि उनके ड्राइवर को गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि सात अन्य लोगों में से दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हालांकि, पुलिस ने दावा किया कि एंग्लो इंडिया जूट मिल के बाहर कुछ लोगों ने दोनों व्यक्तियों की पिटाई की। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भाटपारा के राजकीय अस्पताल ले जाया गया।

### उपद्रव की आशंका से घरों में कैद रहे लोग

इस बंद से राज्य में जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ और कई लोग सड़कों पर उपद्रव की आशंका से अपने घरों में मौजूद रहे। कोलकाता में सड़कों पर चहल-पहल कम दिखी। सड़कों पर बहुत कम बस, ऑटो रिक्शा और टैक्सी नजर आए। निजी वाहनों की संख्या भी कम रही। हालांकि, बाजार और दुकानें खुली रहीं। स्कूल और कॉलेज भी खुले लेकिन ज्यादातर निजी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति बेहद कम रही क्योंकि उन्हें घर से काम करने को कहा गया था। सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति सामान्य दिखी।

# भागवत को Z+ से बढ़ाकर ASL सिक्योरिटी

## पीएम मोदी-शाह लेवल की है यह सुरक्षा व्यवस्था

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के सुरक्षा प्रोटोकॉल को जेड-प्लस से बढ़ा दिया गया है। उन्हें अब वही सुरक्षा घेरा मिलेगा जो पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह को मिली हुई है। यह सुरक्षा घेरा एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (एएसएल) कहा जाता है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।





### IB ने किया था अलर्ट

गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि IB ने मंत्रालय को खतरों के जुड़ी एनालिसिस रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर 16 अगस्त को नए निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने कहा कि पहले ASL प्रोटोकॉल तब यूज किया जाता था तब भागवत ऐसी जगहों पर जाते थे जो संवेदनशील हैं। अभी भागवत उन लोगों में शामिल हैं जिन्हें CISF का 'Z+' सिक्योरिटी कवर मिलता है। नए सिक्योरिटी अपडेट से CISF की वर्तमान में दी जा रही सिक्योरिटी और अपडेट हो जाएगी। ASL सिक्योरिटी में केंद्रीय सुरक्षाबलों के साथ लोकल एजेंसीज के जुड़ने का प्रोटोकॉल है। IB ने रिपोर्ट में उन राज्यों का जिक्र किया है, जहां भाजपा की सरकार नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कट्टरपंथी इस्लामी समूहों के अलावा दूसरे संगठनों से भागवत को खतरा है।

### 21 अगस्त को शरद पवार को दी गई Z+ सिक्योरिटी

केंद्र सरकार ने 21 अगस्त को महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों को देखते हुए नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (SCP) प्रमुख शरद पवार की सिक्योरिटी को Z+ सिक्योरिटी दी। उनकी सुरक्षा में अब 10 अतिरिक्त CRPF जवान तैनात किए गए हैं। 22 अगस्त को शरद ने केंद्र पर जासूसी करने का आरोप लगाया था। उनका कहन था कि हो सकता है कि मेरी इन्फॉर्मेशन निकालने के लिए मेरी सिक्योरिटी बढ़ाई गई है।

# देश में बनेंगे जोधपुर-आगरा समेत 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर

## 10 राज्यों में 28 हजार करोड़ की स्कीम मंजूर, 40 लाख नौकरियां मिलेंगी

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के 9 राज्यों में 12औद्योगिक स्मार्ट शहर तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा, 10 राज्यों में 6 कॉरिडोर बनेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार, 28 अगस्त को इसकी मंजूरी दी। 12 औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर और 30 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रोजेक्ट की कुल लागत 28,602 करोड़ होगी। 1.52 लाख करोड़ की निवेश क्षमता होगा। ये औद्योगिक स्मार्ट सिटी नेशनल इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरिडोर प्रोग्राम (NIDCP) के तहत बनाए जा सकते हैं।



### 234 शहरों में निजी FM रेडियो की मंजूरी

कैबिनेट ने देश के 234 शहरों या कस्बों में निजी FM रेडियो शुरू करने को मंजूरी दे दी। इन शहरों में अभी यह सेवा नहीं थी।

# डीएमके सांसद पर 908 करोड़ का फाइन

## ईडी ने लिया सख्त ऐक्शन, संपत्ति भी जब्त

एजेंसी | चेन्नई

डीएमके सांसद एस. जगतरक्षकन और उनके परिवार पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने बड़ी कार्रवाई है। एजेंसी ने उन पर 908 करोड़ रुपए का फाइन लगायाा है। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा अधिनियम के उल्लंघन पर की गई है। वहीं 89 करोड़ की संपत्ति को जब्त भी किया गया है। ईडी ने बुधवार को बताया कि चेन्नै में फेमा कानून के तहत तमिलनाडु के सांसद और बिजनेसमैन जगतरक्षकन के खिलाफ जांच की गई। इस दौरान उनके परिवार से जुड़े संस्थानों को भी खंगाला गया। उनकी 89.19 करोड़ रुपए की संपत्तियों को फेमा कानून के सेक्शन 37A के तहत जब्त किया गया है।

### वसूली का नोटिस भी जारी



इसके अतिरिक्त उन्हें 908 करोड़ रुपए की वसूली का नोटिस भी जारी किया गया है। इस संबंध में आदेश सोमवार को ही जारी किया गया था। 76 वर्षीय जगतरक्षकन तमिलनाडु की अरक्कोनम लोकसभा सीट से सांसद हैं। उनकी चल और अचल संपत्ति मिलाकर कुल 89 करोड़ रुपए की पूंजी की चीजों को जब्त किया गया है। फिलहाल इस मामले में एजेंसी की जांच जारी है। अब तक इस मामले में डीएमके या फिर सांसद की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है।

# J&K चुनाव : महबूबा मुफ्ती विधानसभा नहीं लड़ेंगी चुनाव

## PDP की 17 कैंडिडेट की दूसरी लिस्ट जारी , पहली लिस्ट में बेटी इल्तिजा मुफ्ती का नाम था

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने 17 सीटों पर प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इससे पहले 22 अगस्त को 8 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई थी। इसमें पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा का नाम भी था। दूसरी लिस्ट जारी होने के कुछ देर बाद महबूबा ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया। महबूबा इस साल हुए लोकसभा चुनाव में अनंतनाग से मैदान में थीं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।



### 18 सितंबर को पहले चरण की वोटिंग

जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर को पहले चरण की वोटिंग होगी। 27 अगस्त को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। चुनाव आयोग के मुताबिक, सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 279 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। अनंतनाग जिले में कुल 72 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। इसके बाद पुलवामा जिले में 55, डोडा जिले में 41, किश्तवाड़ में 32, शोपियां में 28, कुलगाम में 28, जबकि रामबन में 23 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। चुनाव आयोग ने बुधवार को जेल में बंद सर्जन बरकती, डॉ. अब्दुल बारी और 24 अन्य उम्मीदवारों के नामांकन फॉर्म खारिज किए हैं।

योजना | प्रधानमंत्री ने जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर इसकी प्रशंसा की

# जन धन योजना ने करोड़ों भारतीयों को आर्थिक सुरक्षा दी : मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'प्रधानमंत्री जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को कहा कि यह योजना सम्मान, सशक्तीकरण और राष्ट्र के आर्थिक जीवन में भागीदारी के अवसर का प्रतीक है। यह करोड़ों भारतीयों को वित्तीय सुरक्षा देने में सफल रही। मोदी ने जन धन योजना को सफल बनाने के लिए काम करने वालों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने 'एक्स पर अपने आधिकारिक खाते पर लिखा, आज एक ऐतिहासिक दिन है। जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं और इस योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी लोगों को भी बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों खासकर महिलाओं, युवाओं तथा वंचित समुदायों को सम्मान देने में सबसे आगे रही है।

## 2.3 लाख करोड़ रुपए जमा हैं जन धन खातों में

### पहले गरीबों के लिए कर्ज तक पहुंच साहूकारों की दया पर निर्भर थी

प्रधानमंत्री ने 'लिंक्डइन पर बाद में लिखा, आज प्रधानमंत्री जन धन योजना को शुरू हुए एक दशक हो गया है। यह पहल महज एक नीति नहीं है। यह एक ऐसे भारत के निर्माण का प्रयास है, जहां हर नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसकी औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच हो। मोदी ने कहा, आप में से कई लोग, खासकर युवा सोच रहे होंगे कि यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है। आखिरकार, इस युग में बैंक खाता होना बेहद ही बुनियादी बात है और इसे सामान्य बात भी माना जाता है। हालांकि, जब हमने 2014 में सत्ता संभाली, तो स्थिति बहुत अलग थी। आजादी के करीब 65 साल हो चुके थे, लेकिन हमारे लगभग आधे परिवारों के लिए बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच दूर का सपना थी। उन्होंने कहा कि उनकी दुनिया ऐसी थी जहां बचत घर पर रखी जाती थी, जिसके खोने तथा चोरी होने का खतरा बना रहता था। मोदी ने कहा, कर्ज तक पहुंच साहूकारों की दया पर निर्भर थी। वित्तीय सुरक्षा के अभाव से कई सपने पूरे नहीं हो पाते थे। उन्होंने कहा, जब जन-धन योजना शुरू की गई तो मुझे याद है कि इसे लेकर भी संशय की स्थिति थी। कुछ लोगों ने पूछा था, क्या इतनी बड़ी संख्या में लोगों को बैंकिंग प्रणाली में लाना वास्तव में संभव है। क्या इस प्रयास से कोई ठोस बदलाव आएगा। हां। चुनौतियां काफी बड़ी थीं लेकिन इसे हकीकत बनाने के लिए भारत के लोगों का दृढ़ संकल्प भी उतना ही बड़ा था।

## ना खाने का ठिकाना, ना शौच का इंतजाम

# गुजरात में बाढ़ से मचा कोहराम

एजेंसी | अहमदाबाद

गुजरात में तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जहां नदियां उफान पर हैं, वहीं वडोदरा, महिसागर, खेड़ा, जूनागढ़, भरूच और अहमदाबाद समेत कई जिले और शहर जलमग्न हो गए हैं। बाढ़ जनित घटनाओं की वजह से अब तक राज्य में 16 लोगों की मौत हो चुकी है। शहर से लेकर गांव और गलियों तक पानी भर चुका है। घरों में भी छह से आठ फीट पानी भर चुका है, जिससे पूरे राज्य में कोहराम मचा हुआ है। कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां 10 से 12 फीट तक पानी भर चुका है।



### 8500 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भी बारिश जारी है। वहीं, बाढ़ प्रभावित इलाकों में से 8500 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया और इस संकट में केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। राहत और बचाव कार्य के लिए अब सेना को भी बुला लिया गया है।

### 3 दिन से भूख-प्यास से विलख रहे बच्चे

इस बीच कई लोगों ने घर की छतों पर तो कुछ ने ऊंचे स्थानों पर शरण ले रखी है लेकिन वे पिछले तीन दिनों से भूख-प्यास से बेचैन हैं। महिलाओं ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा है कि उनके पास ना तो खाने-पानी का सामान है और ना ही शौच का कोई इंतजाम है। एक महिला ने रोते हुए आपबीती बताई कि पिछले तीन दिनों से वह बच्चों के साथ भूखी-प्यासी है। बच्चे रो रहे हैं क्योंकि उसके पास कोई इंतजाम नहीं है और अब तक कोई भी अधिकारी उन तक किसी तरह का कोई राहत सामान लेकर नहीं पहुंचा है।